हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025



### ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ा, पुलिस के सामने कबूली हत्या की घटना

## दस हजार रुपए उधार की राशि वापस मांगने से नाराज होकर पड़ोसी ने की दंपत्ति की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

खैरागढ़ जिले के सड़क अतरिया में शुक्रवार करवा चौथ के दिन हुए डबल मर्डर का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। मृतक का पड़ोसी ही मर्डर का आरोपी निकला। जिसने दस हजार रुपए उधार की रकम वापस मांगने से परेशान होकर शिक्षक और उसकी पत्नी की हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े 6 बजे बजे ग्राम सड़क अतरिया के ग्रामीण द्वारा पुलिस को मोबाइल पर सूचना दी गई थी कि गांव के बाबूलाल सोरी और उसकी पत्नी की हत्या कर दी गई है। सूचना पर पुलिस थाना गंड़ई की टीम एवं आला अधिकारी घटनास्थल पहुंचे। प्रार्थी दिनेश जंघेल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 अक्टूबर की सुबह लगभग 5 बजे बाबूलाल सोरी के घर की लाइट बंद थी तथा उसका कुत्ता जोर-जोर से भौंक रहा था। घर में लगे सीसीटीवी कैमरा की लाइट भी बंद थी। जिसकी सूचना मिलने पर बाबूलाल के घर पहुंचे तो घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था। वहीं सामने से झांककर देखा गया तो कूलर के पास गांव का ही व्यक्ति भगवती मरकाम खड़ा था, जो उसे देखकर भागने लगा। उसे खेत तरफ दौड़ाकर पकड़ा गया, जब ग्रामीण दरवाजा को धक्का देकर अंदर गए तो देखे आंगन में सुनतीबाई की लाश चित हालत में पड़ी थी व उसके सिर में गंभीर चोंट था एवं बाबूलाल सोरी कोठा बरामदा में चित हालत में गिरा पड़ा था। उसके भी सिर में गंभीर चोंट था। मौके पर दोनों की मृत्यु हो चुका था। प्रार्थी दिनेश जंघेल की रिपोर्ट पर आरोपी को थाना गंडई में पंजीबद्ध अपराध 356/2025 धारा 103(1) बीएनएस में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश गया।

### 10 हजार लिया था उधारी

संदेही भगवती मरकाम से बारिकी से पूछताछ करने पर अपराध कबूल करते उसने बताया कि गांव का बाबूलाल सोरी जो पेशे से सरकारी शिक्षक है। आरोपी द्वारा बाबूलाल सोरी से 10,000 उधार लिया था, जिसे नहीं दे सकने पर वाद-विवाद और अपमानजनक बातें आरोपी को बोलता था। इसी रंजिश को लेकर 10 अक्टूबर को बाबूलाल सोरी और उसकी पत्नी सुनती की हत्या कर दी।




### घर में अकेले होने पर की हत्या

आरोपी ने बताया कि हत्या वाले दिन मृतक के बच्चे घर पर नहीं थे। इसी अवसर को देखते हुए उसने बाबूलाल सोरी को मारने के ईरादे से सुबह 4 बजे पीछे के रास्ते से घर में घुसा और सीढ़ी से छत में जाकर बिजली तार को खींचकर लाइट बंद कर दिया। छत में रखे लकड़ी पाटी का टुकड़ा उठाकर बाबूलाल सोरी का छिपकर इंतजार कर रहा था।

### पहले पत्नी फिर बाबूलाल की हत्या

छिपकर इंतजार करने के दौरान पहले मृतक की पत्नी कमरे से बाहर निकली और आंगन में थी, जो इसे देखकर चिल्लाई तो पहले सुनतीबाई को सिर में 4-5 बार लकड़ी पाटी के टुकडा से मारा। उसी बीच बाबूलाल सोरी कमरे से बाहर निकला और आरोपी को मारने के लिए वाईपर के पाईप लेकर आया। एक बार मुझे मारा तो मैं उसक धक्का दिया, बाबूलाल बरामदे में रखे खड़े बाइक से टकराकर जमीन में गिर गया। जिसके बाद उसके भी सिर में 4-5 बार लकड़ी पाटी से मारकर हत्या कर दिया।

## चाकू की नोक पर फेरीवाले से 84,887 रुपए की लूट, पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई क्षेत्र में क्राइम बढ़ते क्रम में है। चोरी, जुआ, नशाखोरी चरम पर है। शराब, गांजा और नशे की सामानों की तस्करी एवं कोचियागिरी आम बात हो गई है। हाल फिलहाल में हुई एक घटना ने लोगों को हतप्रभ कर दिया है। गंडई के ही रहने वाले 4 युवाओं ने मिलकर कपड़े के फेरीवाले को चाकू दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया है

दुर्ग से बाइक में फेरी लगाकर कपड़ा बेचने गंडई आए एक व्यापारी को कपड़े खरीदने के बहाने बहला-फुसलाकर पंडरिया से बाघमाडा जाने वाले मुख्य मार्ग में सूनसान जगह पर ले जाकर जान से मारने की धमकी और चाकू का भय दिखाकर लूट की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। इस वारदात में चार स्थानीय गंडई के युवक शामिल थे। दुर्ग निवासी फेरी करने वाले पीड़ित मोहम्मद शादाब अंसारी ने गंडई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया। उसने बताया कि चार लड़कों ने धोखे से उसे सूनसान स्थान पर घर चलो वहां कपड़ा लेंगे कहकर ले गए । वहां आरोपियों ने उन्हें चाकू दिखाया, जान से मारने की धमकी दी और डर पैदा कर उनसे फोन-पे के माध्यम से 73 हजार और नगदी 4 हजार रुपए लूट लिए। इसके अतिरिक्त उनसे 7,887 रुपए की कीमत का एक कोट-पैंट का सेट भी छीन लिया गया। इस लूट में पीड़ित को कुल 84,887 हजार रुपए का नुकसान हुआ।



### बड़ी राशि कराई गई होल्ड

लूट की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। विवेचना के दौरान पीड़ित की निशानदेही पर चारों आरोपियों को पंडरिया और रानी बगीचा के संभावित ठिकानों से हिरासत में लिया गया। आरोपियों की पहचान रहेमान खान 23 वर्ष निवासी पंडरिया, याकूब खान 22 वर्ष निवासी पंडरिया, इमरान खान 23 वर्ष निवासी रानी बगीचा एवं राघव श्रीवास उम्र 20 वर्ष निवासी पंडरिया के रूप में हुई है।

### सभी आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

पुलिस ने सभी चारों आरोपियों को पकड़ लिया और उनके कब्जे से लूट में इस्तेमाल किए गए धारदार चाकू के साथ-साथ लूटी गई 4 हजार रुपए नगदी और कोट-पैंट का सेट बरामद किया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आरोपियों द्वारा फोन-पे से ली गई 73 हजार की राशि को तत्काल होल्ड करवा दिया है। थाना गंडई में आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 354/2025 के तहत धारा 126(2), 318(4), 308(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूर्ण कार्रवाई के बाद चारों आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है।

## शराब की अवैध बिक्री करने वाले आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने एवं अवैध रूप से शराब सेवन कराने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

जिले में अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुंडा-बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान कार्रवाई में 10 अक्टूबर को चौकी चिखली पुलिस द्वारा शराब बिक्री करने के संबंध में पुख्ता सूचना के आधार पर उज्वल स्टील दुकान के पास रेड कार्रवाई किया गया। कार्रवाई में आरोपी उमेश पटेल उर्फ गोलू 40 साल साकिन गोलबाजार के कब्जे से 15 पौवा बाम्बे गोवा व्हीस्की शराब जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई किया गया। चिखली भट्टी के पीछे अपने चखना दुकान में अवैध रूप से शराब पीने वालों को सुविध मुहैया करा रहे आरोपी सिद्धार्थ साहू 45 साल चिखली के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(सी) के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया।



## फरार चल रहे स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटी को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बसंतपुर पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 2 स्थायी वारंटी एवं 9 गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 11 अक्टूबर को निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में थाना स्तर पर पृथक-पृथक टीम गठित कर स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटी की गिरफ्तारी हेतु रवाना किया गया था। उपरोक्त टीमों द्वारा लंबे अरसे से फरार चल रहे स्थायी वारंटी प्रेमदास मानिकपुरी व राजेन्द्र राजपूत एवं गिरफ्तारी वारंटी सिद्धार्थ बंसोड़, चंदन चौधरी, सौरभ मानिकपुरी, मुकेश साहू, गौरव यादव, अमन राजपूत, ईश्वर यादव व चंदन चौधरी को गिरफ्तार कर स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटी को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।












## खबर संक्षेप

### गौधाम योजना से घुमंतू पशु होंगे सुरक्षितः संजय

**छुरिया।** स्थानीय जनपद पंचायत में गौधाम योजना समिति की प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैइक में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, तहसीलदार विजय कोठरी, जनपद सीईओ होरीलाल साहू, तहसीलदार आकांक्षा साहू आदि शामिल हुए। श्री सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग नियम 2005 के तहत गौधाम स्थापित किए जाएंगे जो पंजीकृत गौशालाओं से भिन्न होंगे। प्रथम चरण में ग्राम पंचायत घोरतलाव, महाराजपुर, आमगांव (कु) का चयन किया गया है, जहां गौधाम स्थापित किया जाएगा। गौधाम में स्थानीय निकायों द्वारा निराश्रित गौवंशीय पशुओं तथा जप्त पशुओं को विस्थापित किया जाएगा।



### वित्तीय प्रबंधन पर वेबीनार

**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में शनिवार को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन के महत्व एवं वित्तीय संयोजन, वित्तीय प्रबंधन के लक्ष्य, देनदारियों को परिसंपत्तियों में परिवर्तित करने के तरीके, साईबर सुरक्षा आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सभी संकायों के विद्यार्थी एवं अतिथि व्याख्याता शामिल हुए।



### कार्यकर्ताओं ने खांडेकर का मनाया जन्मदिन

**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक विनोद खंडेकर का जन्मदिन शहर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने धुमधाम से मनाया। कालका पारा, रणचंडी मंदिर चौक, महावीरपारा में विधिवत आयोजन कर अतिशबाजी करते हुए केक काटा गया। इस दौरान हरविंदर एस मंगे, सुरेन्द्रसिंह बन्नोआना, सुनील जैन, प्रकाश बिंदल, सुमित मिश्रा, अचला सिंह ठाकुर, प्रिंस कक्कड, रिंकू बंसल, विजेंद्रसिंह ठाकुर, संतू अन्ना, परविंदरसिंह मोंटी, पप्पू नामदेव, डिंपी महापात्र, शुभम परिहार, गिरीश साहू, विनित यादव, सरफु खान, मीना यादव, गीता मानिकपुरी, पप्पू ठाकूर, पुजा उजवने, राजकुमार साहू, चंद्रेष साहू, बिरेंद्र साहू, नागेंद्र परिहार, सावन टेंभूलकर, जयकांत सिन्हा, हिमांशु रजक सहित अन्य उपस्थित थे।



### तहसील साहू संघ का निर्वाचन 14 को

**डोंगरगढ़।** तहसील साहू संघ का चुनाव 14 अक्टूबर को होगा। अध्यक्ष हंसराज साहू एवं सचिव कुलदीप साहू ने बताया कि नगर साहू संघ के चुनाव समय पर नहीं होने के कारण 5 अक्टूबर को होने वाले तहसील के चुनाव को स्थगित कर दिया गया था। अब यह चुनाव 14 अक्टूबर को होगा।

### बिरबल साहू चुने गए समाज के अध्यक्ष



**डोंगरगढ़।** नगर साहू संघ का चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुआ। पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। अध्यक्ष बीरबर साहू, सचिव गिरीश साहू, उपाध्यक्ष धरम साहू, कविता साहू, संगठन सचिव कमलेश साहू, ओमबाई, कोषाध्यक्ष शीलेन्द्र साहू बने है। इस दौरान तहसील साहू समाज के अध्यक्ष हंसराज साहू, हेमंत साहू, कचरू साहू, अशोक साहू, वीरेंद्र साहू, मोहन साहू, कामेश साहू, सुजाता साहू, शिव साहू, देवा साहू, कुलदीप साहू, अश्विन साहू, केशव साहू, केवल दास, अभिषेक साहू आदि उपस्थित थे।

### नवपदस्थ बीईओ का टीचर्स ने किया स्वागत

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लाक इकाई ने जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा एवं ब्लॉक अध्यक्ष मनीष पसीने के नेतृत्व में नवपदस्थ बीईओ श्रीनिवास मिश्रा से मुलाकात कर अभिनदंन किया। इस दौरान संघ पदाधिकारियों ने शिक्षक एलबी के कई मुद्दों पर चर्चा की जिसमें सर्विस बुक का सत्यापन, जीपीएफ पासबुक संधारण, अवकाश संधारण, ग्रीष्म अवकाश में संकुल समन्वयको द्वारा किए गए कार्यों के लिए अर्जित अवकाश प्रदान करना शामिल था। इस दौरान राकेश तिवारी, चंद्रिका यादव, मनोज वर्मा, रतिराम कन्नौजे, राजूलाल कौशिक, बृजभूषण राजपूत, चुम्मन देवांगन, प्रदीप वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, नवीन यादव, सुरेंद्र सांडे, किसुन चंद्रवंशी शामिल थे।



### राशि गबन का आरोप

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत बागरेकसा में सरपंच द्वारा टैक्स के रूप में वसूली गई राशि का गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामसभा में खुलासा होने के बाद ग्रामवासियों ने सरपंच को राशि जमा नही करने पर कार्रवाई करने की बात कहा है। जानकारी के अनुसाार सरपंच ने लगभग 4.50 लाख की वसूली करने के बाद उसे पंचायत फंड में जमा करने के बजाय स्वंय रख लिया है। ग्राम पंचायत में जब यह मामला सामने आया तो सचिव ने बताया कि 3 लाख 26 हजार सरपंच के पास है। ग्रामवासियों ने राशि पंचायत फंड में जमा कराने कहा है।



## दिवाली के पहले बढ़ी अंचल के किसानों की चिंता

# पानी ने किया फसल बर्बाद, किसान हुए परेशान, मुआवजे की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

क्षेत्र में लगातार अतिवृष्टि से सोयाबीन की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। खेतों में पानी भरने से फसल सड़ गई है, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। दीपावली के पहले हो रही बारिश होने से क्षेत्र के किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसान तैयार फसल की कटाई भी नहीं कर पा रहे हैं। किसान अब नुकसान की भरपाई के लिए शासन से मुआवजा देने की मांग कर रहे है।

जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने कहा कि बारिश से सोयाबीन की फसल को हुए नुकसान का प्रशासन को तत्काल सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए, अन्यथा किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में सबसे ज्यादा सोयाबीन को खेती लोधी नवागांव से लेकर उदयपुर, कुटेंलीकला, बुंदेली, मैंनहर, सुरॉडबरी, बीरूटोला, बुढानभाठ सहित अन्य गांवों में ली जाती है।यह फसल दीपावली के पूर्व किसानों को राहत देती है। इस समय क्षेत्र में हो रही बेमौसम बरसात ने सोयाबीन की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। कांग्रेस नेता गोकुल चंदेल ने कहा कि क्षेत्र में लगभग 5 सौ से ज्यादा एकड़ जमीन पर सोयाबीन की खेती होती है। प्रभावित किसानों को जल्द राहत नहीं दी गई तो वह प्रदर्शन कर किसानों की आवाज उठाएंगे।





### किसानों की कमर टूटी

कुटेलीकला के किसान जयकरण धनगर ने बताया कि किसानों को दीपावली से पूर्व सोयाबीन की फसल से लाभ होता है। इस बरस पानी के कारण किसानों को काफी नुकसान हुआ है और उनकी कमर टूट गई। उन्होंने प्रशासन से दीपावली के पहले किसानो को मुआवजा देने की मांग की है। क्षेत्र में सोयाबीन फसल को हुए नुकसान से किसान चिंतित दिख रहे है। किसानों का कहना है कि आगे दिवाली त्यौहार है जिसे वह कैसे मनाएंगे।



## किसानों की फसल को क्षति पहुंचा रहे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी

- ज्ञापन सौंपकर किसानों ने मांगा मुआवजा

साल्हे क्षेत्र के किसानों ने अन्य गांवों से आए पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने मुआवजा देने तथा पशुओं की समस्या के समाधान की मांग की।

सरपंच, उप सरपंच के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि आसपास गांवों के पशु खेतों में घुसकर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। सरपंच चंद्रिकाबाई कंवर, उपसरपंच अजय साहू ने कहा कि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उन्हे आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से सर्वे कराकर मुआवजा देने तथा पशुओं की रोकथाम के लिए उचित प्रबंध करने का आग्रह किया है। इस दौरान जनपद सदस्य अंजली घावडे, राजेंद्र कंवर, गंगाराम साहू, सुखराम भुआर्य, पुराणिक साहू, दरबारी गंधर्व, आकाश मेश्राम आदि उपस्थित थे।

## मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा

स्थानीय शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन गया। मुख्य अतिथि डॉ सुनिता कोचेन्द्र थी। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

वाणिज्य विभागाध्यक्ष श्री देवांगन ने बताया कि यह दिन मानसिक स्वास्थ्य के बारे में गलतफहमियों को दूर करने और लोगों को अपने भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करने में मदद करता है।

कार्यक्रम में डॉ सुनीता ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य से तात्पर्य भावनात्मक कल्याण से है, जो आपके महसूस करने, सोचने और कार्य करने के तरीके को प्रभावित करता है। मानसिक स्वास्थ्य हर उम्र में हर किसी को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि निवारण लिए उन्होंने योग , ध्यान और प्राणायाम करना चाहिए। संचालन पूजा देवांगन एंव आभार प्रदर्शन डॉ नवीन राजपूत ने किया। इस दौरान रवि प्रकाश चतुर्वेदी, रितेश बंजारे, नेमू साहू, मासूम वर्मा एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## वर्षावास के समापन पर खीर पुड़ी का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

धम्मचक्र बौद्ध विहार बिहरीकला में 10 जुलाई से प्रारंभ वर्षावास का गत दिनों समापन हुआ। वर्षावास समापन कार्यक्रम में अतिथि दल्ली राजहरा के प्रमोद कावरे एवं अंबागढ़ चौकी के प्रज्ञा रत्न गोडबोले थे। इस दौरान उन्होंने तथागत गौतम बुद्ध की तीन माह तक चलने वाली पूजा के बारे बताया।

इस अवसर पर खीर वितरण किया गया एवं ग्रामीणों को भोजन कराया गया। बुद्ध की पूजा कर विश्व कल्याण, ज्ञान, आरोग्य, सुख, शांति की कामना की गई। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष हमीरलाल मेश्राम, पन्नालाल मेश्राम, विनय मेश्राम, आशीष मेश्राम, तारा मेश्राम, माधुरी रामटेके, निरूपा मेश्राम, भूषण गायकवाड़, रंजना गायकवाड़, हिमांशु मेश्राम, छगनलाल सोनटेके, मनराखनलाल बोरकर, धीरज रामटेके, गोरेलाल रंगारी, विपिन बांबेश्वर, ओम प्रकाश दामले, राकेश ठावरे, चिराग बोरकर, ऋषि मेश्राम, शुभम बोरकर, अविनाश घरडे, शुभम घरडे, तुषार मेश्राम, मीना मेश्राम, सरला शेंडे, शान्ति सावलकर, नितेश मेश्राम, योगेन्द्र रामटेके, शरद मेश्राम, अनुराग मेश्राम, रवि मेश्राम, संदीप रंगारी,सिद्धार्थ मेश्राम, अतुल मेश्राम, दीपेश बाम्बेश्वर, दीपक बाम्बेश्वर, मुन्नी सोनटेके, बीसोबाई बोरकर, सरोज डोंगरे, लता रामटेके, चेतना बांबेश्वर, कविता मेश्राम, संध्या बोरकर, पंकज रामटेके, नीरज रामटेके, सचिन बांबेश्वर, अनिल मेश्राम,विक्रांत मेश्राम, प्रियांशु मेश्राम, देवेंद्र रामटेके, राजेंद्र मेश्राम, महेंद्र रामटेके, निहाल बोरकर आदि शामिल हुए।



## महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी मिली इफराना को

# पुनः अध्यक्ष निर्वाचित हुए कीरत गणवीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक ईकाई छुरिया का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। चुनाव में कीरत कुमार गणवीर को पुनः ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। चुनाव के बाद शिक्षकों ने मुंह मीठा कराकर नव निर्वाचित अध्यक्ष को बधाई दी।

इस मौके पर अध्यक्ष ने संगठन को सशक्त बनाने, शिक्षकों की समस्या के समाधान और शिक्षा में सुधार में ठोस पहल करने कि बात कही। ब्लॉक अध्यक्ष कार्यकारिणी की घोषित करते हुए ब्लॉक संयोजक मोहन कोमरे, चेतन प्रसाद दुबे, देशन पटेल, सलाहकार भगवानीराम कन्नौजे, योगेन्द्र वर्मा, नाथूराम सूर्यवंशी, महामंत्री ज्ञानचंद साहू, नरेन्द्र कुमार साहू, गौकरण सिन्हा, उपाध्यक्ष दिग्विजय नेताम, मुकेश साहू, कार्तिक धृतलहरे, सचिव उमाशंकर साहू, हृदयराम वर्मा, सतीश लहरे, सह सचिव गिरधारी सहारे, विभोर अग्रवाल, शैलेन्द्र बोरकर, कोषाध्यक्ष राकेश खोब्रागढ़े, मिडिया प्रभारी अश्वनी साहू, सुरेश साहू, जयचंद मालेकर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष इरफाना शबनम, उपाध्यक्ष कल्पलता चंद्रवंशी, रीना नांदेश्वर, सचिव पुष्पालता खोब्रागढ़े, संगठन प्रभारी वर्षा पाठक, उपाध्यक्ष हेमलता साहू, अर्चना मानिकपुरी, सचिव रत्नदीपा केसरिया, चन्द्रप्रभा साहू, कार्यकारिणी सदस्य राकेश रोशन वर्मा, लूनकरण साहू, कोमल साहू, दिनेश कोसा, दिनेश जगनायक, जागेश्वर साहू, खेमराज कंवर, एकलव्य साहू, आंनद चन्द्रवंशी, सुरेंद्र घावड़े, टोमेश टेकाम, विनोद यदु, परमेश्वर चन्द्रवंशी, टिकेन्द्र चन्द्रवंशी, रविकांत चन्द्रवंशी, अनिल कन्नौजे, दयानंद निषाद का बनाया गया है।



## आधुनिक युग में भी जिंदा है गच्चा खेल

**खडगांव।** वर्तमान में बच्चे नए खेलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं वहीं ग्राम के बच्चे प्राचीन खेल को जीवित रखते हुए गच्चा खेलकर अपना मनोरंजन करते है। गच्चा खेलते समय बच्चों के चेहरों पर मुस्कान दोगुनी हो जाती है और गच्चा खेल के विजेता प्रतिभागी को अपनी तरफ से अन्य को पार्टी दी जाती है। यह पार्टी समोसा, भजिया, पकौड़ी और चाय की होती हैं।उल्लेखनीय है कि शहरों में लोग शरीर को स्वस्थ रखने के लिए लाखों खर्च करते हुए जिम, योगा का सहयोग लेते है जबकि गांव में आज भी शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सुबह 5 बजे उठकर दैनिक काम किया जाता है। प्राचीन खेल खेलकर दिमाग को ताजा रखा जाता है। खडगांव में गच्चा खेल खेलते हुए बच्चों को देखकर लगता है कि आधुनिक युग में भी सुख शांति और अमन चैन गांव में ही है जहां आज भी प्राचीन परंपरा कायम है। ग्राम में गच्चा खेल वालों में मधु, निखिल, नितिन, सूर्यकांत, रतन, कुणाल, सिद्धार्थ, डोमन, खिलेश और अन्य शामिल हैं।



### पांच कांग्रेस नेताओं के नाम उभरे

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस पर्यवेक्षक चरण सिंह सापरा ने गत दिनों जमीनी कार्यकर्ता में से नेता चुनने के लिए कार्यकर्ताओं से राय शुमारी किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलकर कांग्रेस को मजबुत बनाने के अलावा भाजपा के खामियाओं को भी सुना। जिला अध्यक्ष पद के लिए मुख्य रूप से 5 लोगो का नाम सामने आए। जिसमें नवाज खान, विष्णु लोधी, प्रदीप शर्मा, धीरज मेश्राम शामिल हैं। माना जा रहा है। कि डोंगरगढ़ से ही जिला अध्यक्ष मिल सकता है।

### चरणजीत सिंह भाटिया का निधन

**डोंगरगढ़।** बुधवारी पारा निवासी सरदार चरणजीत सिंह भाटिया उर्फ राजू का 60 साल की उम्र में शुक्रवार की रात निधन हो गया। वह पिंटू भाटिया के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ओपन परीक्षा के आवेदन 15 तक जमा होंगे

**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा 17 नवंबर से आरंभ होने वाली दसवीं एवं बारहवी की परीक्षा हेतु आवेदन पत्र भरे जा रहे हैं। प्रशासन ने फार्म भरने की तिथि को आगे बढ़ा दिया है। ओपन स्कूल या अन्य बोर्ड से अनुत्तीर्ण विद्यार्थी संस्था कन्या उच्च माध्यमिक शाला छुईखदान में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। पांचवी, आठवीं फेल विद्यार्थी भी 10 वीं के लिए फॉर्म भर सकते हैं। फार्म भरने के लिए उन्हे अंकसूची, आधार कार्ड का नंबर, बैंक पासबुक की छाया प्रति एवं तीन पासपोर्ट फोटो लाना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित है।

### बिना अनुमति के नाली निर्माण



**डोंगरगढ़।** जामा मस्जिद के सामने नगर पालिका की बिना अनुमति के रातो रात नाली निर्माण करने का मामला प्रकाश में आया है। सुबह सडक पर फैले मलमा व बंद रास्ते को खोलकर पालिका कर्मचारियों ने आवाजाही को बहाल किया। इस निर्माण कार्य की जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिलेन्द्र भोई को भी नही थी। पालिका के इंजीनियर भुवनलाल कौशिक ने बिना अनुमति नाली निर्माण करने के अलावा सड़क की खुदाई करने पर नोटिस देने के बाद अपराधिक मामला दर्ज कराने की बात कहा है। जामा मस्जिद मार्ग पर लगभग 30 मीटर लंबी और एक फीट चौड़ी नाली का निर्माण किया गया है। इस मामले को लेकर प्रषिक्षु आईएएस अधिकारी एम भार्गव ने नियमतः कार्यवाही करने की बात कही है।

### किसान लगातार कर रहे दवाओं का छिड़काव, बारिश से सब्जियों में भी संकट

# खेतों में जलभराव से धान की फसल में भूरा और बलास्ट बीमारी का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून के समाप्त होने के बाद भी बारिश का दौर जारी होने से किसानों के चेहरे मायूस हो गए हैं। लगातार हो रही बारिश से जहां खेतों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है। वहीं धान की खड़ी फसल पर भूरा माहो, ब्लास्ट, शीथ ब्लाइट और बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट जैसे रोगों का तेजी से प्रकोप देखा जा रहा है। धूप नहीं निकलने से पौधे कमजोर पड़ रहे हैं। वहीं किसान लगातार कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के बावजूद राहत नहीं पा रहे हैं।

किसानों का कहना है कि पिछले पंद्रह दिनों से बीमारियों का असर लगातार बढ़ रहा है। जरूरत से ज्यादा बारिश की वजह से खेतों में पानी भरा हुआ है। जिससे धान के पौधे पीले पड़ने लगे हैं। फसल बचाने के लिए किसान बार-बार दवाओं का छिड़काव कर रहे हैं। जिससे लागत लगातार बढ़ती जा रही है। धान के साथ-साथ सब्जियों की फसलें भी प्रभावित हो रही है। खेतों में पानी भरने से लौकी, टमाटर, भिंडी और बैंगन जैसी सब्जियों की जड़े गलने लगी है। किसान बताते हैं कि सब्जियों को बचाने के लिए भी कीटनाशक दवाओं का उपयोग दोगुना करना पड़ा है। जिससे लागत में भारी वृद्धि हुई है।

### बारिश से किसानों के चेहरे मायूस



### तेज हवाओं और बारिश से फसल झुकने का खतरा

विशेषज्ञों का कहना है कि यह समय धान की फसलों के लिए अत्यंत संवेदनशील है, क्योंकि अधिकांश खेतों में फसल बाली निकलने और फूल आने की अवस्था में है। लगातार वर्षा और नमी से परागण प्रभावित होता है। जिससे खाली बालियां और अधपके दाने बनने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं तेज हवाओं और बारिश से फसल झुकने का खतरा भी बना हुआ है। जिससे कटाई के समय परेशानी आ सकती है। अगर ऐसे ही बारिश होती रही तो 25 से 30% फसलों के उत्पादन कम होने की संभावना है।

### 15 नवंबर से होगी धान खरीदी

वहीं 15 नवंबर से छत्तीसगढ़ सरकार ने भी समर्थन मूल्य में धान खरीदी करने की घोषणा कर दी है। अगर धान के खेतों में नमी रहती है तो 15 नवंबर तक मंडियों में धान पहुंचने की संभावना भी कम ही है। हालांकि किसानों ने हरूना धान की कटाई की तैयारियां भी शुरू कर दी है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि दीपावली त्योहार के निपटते ही किसान धान कटाई में जुट जाएंगे।

# पैलीमेटा में डायरिया का प्रभाव हुआ कम



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत पैलीमेटा में बीते दिवस डायरिया का प्रकोप बढ़ते क्रम पर था। लगभग दो दर्जन से अधिक लोग इसकी चपेट में आ गए थे। अब पीड़ितों की संख्या में कमी आने लगी है। शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने पैलीमेटा चिकित्सालय पहुंच कर मरीजों का हाल चाल जाना। उपस्थित चिकित्सक से चर्चा किया। ग्रामीणों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होने ग्रामीणों को पानी उबाल कर पीने की सलाह दिया। बीएमओ मनीष बघेल, विनय रामटेके, ब्रजेश ताम्रकार, यूएन ठाकुर मरीजों पर लगातार निगरानी रखें हुए हैं। बताया गया कि अब डायरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या में कमी आई है। नल-जल योजना तथा पेयजल के अन्य स्त्रोत का लिकेज चेक कर मरम्मत कराया जा रहा है। वही टैंकर आदि के माध्यम से जल की आपूर्ति कराई जा रही है।

### दूषित पानी बना कारण

मिली जानकारी यहां डायरिया फैलने का कारण दूषित पानी बताया गया। बरसात का दूषित पानी पेयजल के संपर्क में आने से यहां बीमारी का प्रकोप बढ़ गया था। पंचायत, स्वास्थ एवं पीएचई विभाग के कर्मचारी लगातार बीमारी फैलने के कारण का पता लगाकर समस्या को दूर किया जा रहा है। गांव में जितने भी पेयजल का स्त्रोत है उनमें लगातार दवा डाला जा रहा है। तथा पेयजल पाइप के लिकेज को भी सूधारा जा रहा है। वही टैंकर के माध्यम से भी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति किया जा रहा है। ग्रामीणों को स्वच्छता एवं पेयजल पर विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दिया गया है।

# पुजारी संघ की तहसील कार्यकारिणी घोषित





**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख तारक निर्मोही ने बताया कि संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, संगठन महामंत्री प्रेमनारायण दास, राष्ट्रीय महासचिव आचार्य अशोक चतुर्वेदी हरिवंश तथा राष्ट्रीय सचिव लाल जितेन्द्र किशोर वैष्णव एवं प्रदेश संयोजक सौरभ निर्वाणी की अनुशंसा तथा प्रदेश अध्यक्ष महंत सुरेन्द्र दास के निर्देश पर राजनांदगांव तहसील मंडल की घोषणा की गई है।

इस अवसर पर हनुमान मंदिर के महंत डोमन दास एवं जिला मंडलेश्वर शीतला मंदिर के पुजारी राज दुबे ने तहसील मंडल की कार्यकारिणी घोषित की। जिसमें तहसील प्रभारी भूपेन्द्र कुमार, तहसील संयोजक सतीश तिवारी, तहसील मंडलेश्वर तुषार मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरधारी लाल, उपाध्यक्ष रोशन, पप्पू महाराज, व कोशल शर्मा, सचिव रिंकू तिवारी, सह-सचिव आकाश शर्मा, गोलू मिश्रा, चमन महाराज, गोविन्द नारायण मिश्रा, पियूष दुबे, तहसील मंडल उपाध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे एवं तहसील कार्यकारिणी सदस्य अंकित दुबे, मनीष शुक्ला, शेखर शुक्ला, नरेश शर्मा व लक्ष्मीकांत शर्मा को शामिल किया गया। इस नियुक्ति पर नव-घोषित पदाधिकारियों को जिला प्रभारी निधि, जिला मंडलेश्वर राज दुबे, दिलीप, अनिल कुमार शर्मा एवं शेखर दुबे, ज्ञानेश्वर दास, शर्मा महाराज, जितेंद्र झा, चंदन दास, रिंकू दास, मनीष दास, हालदार दास, एलडी निर्मोही, राकेश दास, संजय, संदीप दास, शिव, कृष्ण कुमार, जितेंद्र, सतीश, मनोज निर्वाणी, बाबा वैष्णो, ज्ञानी, रोहित, धर्म, अमर वैष्णो, संजीत, राजकुमार, सोनेट निर्वाणी, राम, विष्णु, शेखर दुबे, महेंद्र, संतोष, डॉ. रविंद्र द्विवेदी, राघवेंद्र दास, महंत नंदकिशोर समेत अन्य ने बधाई दी।

# छात्रावास के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव में 5 अक्टूबर को छात्रावास के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति छत्तीसगढ़ के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने छात्र संघ के अध्यक्ष कैरल्स कोठारी सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईपीएस आरएस नायक ने किया। विशेष अतिथि छात्रावास के भूतपूर्व अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर समेत पुरूषोत्तम गांधी, लखन सोरी, बिट्टू कोमरे, मनोज पिस्दा, नंदकिशोर धुर्वे, मनोज चंद्रवंशी शामिल थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री पारख ने विद्यार्थी जीवन को व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखंड बताते इसके प्रत्येक पलों का सदुपयोग करने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों में निहित असीमित प्रतिभा एवं ऊर्जा का भी उल्लेख किया।

अध्यक्षता करते नायक ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण कर उसे हासिल करने पूरे मनायोग से जुट जाने को कहा। विशिष्ट अतिथि चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि राष्ट्र एवं समाज के नवनिर्माण में हमारे विद्यार्थियों की बहुत बड़ी भूमिका है। लखन सोरी ने आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव को अविभाजित राजनांदगांव जिले के अग्रणी एवं प्रदेश के प्रमुख छात्रावास बताया है।

इस अवसर पर विक्रम चंद्रवंशी, प्रफुल मंडावी, टिकेश्वर मंडावी, चंद्रहास चंद्रवंशी, मनीष रावटे, इंद्रजीत चंद्रवंशी, महेन्द्र कोरेटी, भगत कोमरे, हरिशंकर मंडावी, नागेश भुआर्य, उपेन्द्र मंडावी, आशीष हारमे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# साधक स्नेह सम्मेलन आयोजित

- समिति साधक सम्मेलन में राष्ट्र, देश व संस्कृति की रक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के तत्वावधान में मोहारा स्थित संत श्री आशारामजी बापू आश्रम में विशाल श्री योग वेदांत सेवा समिति साधक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया।

श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने कहा कि सर्वप्रथम रायपुर आश्रम से आई अनिता बहन के साथ समिति के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन की शुरूआत की। अनिता ने सम्मेलन को संबोधित करते आश्रम द्वारा संचालित सेवाकार्य की जानकारी, महत्ता व जीवन में सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साधक का कर्तव्य है कि देश, समाज व संस्कृति के कार्यों तथा गरीब असहाय लोगों की मदद व सेवा में तत्पर रहना चाहिए। साधक सम्मेलन में राजनांदगांव जोन से संजय, बालोद जोन से पवन, कवर्धा जोन से कृष्णा, बेमेतरा जोन से अनूप तथा दुर्ग-भिलाई जोन से मोहन ने सम्मेलन में आए साधकों को बाल संस्कार सेवा का महत्व, जप-ध्यान-साधना, सत्साहित्य का महत्व, युवाओं को ओजश्वी-तेजश्वी बनाने की कुंजी आदि के विषयों पर मार्गदर्शन किया। आयोजन में राजनांदगांव जोन के अंतर्गत आने वाली नौ समितियों के पदाधिकारीगण व साधक बड़ी की संख्या में शामिल हुए।

### सेवा कार्य के बारे में समझाया

राजनांदगांव जोन प्रमुख रोहित चंद्राकर व संजय साहू ने समितियों द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्य के बारे में विस्तार से समझाया तथा आगामी सेवा कार्यों की जानकारी दी। तत्पश्चात समिति प्रमुखों ने अपने-अपने क्षेत्र में हो रहे सेवा कार्य का विवरण दिया तथा आगामी सेवा कार्य को अच्छे तरह से अपने क्षेत्र में करने हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में नोहर जंघेल, जीवन साहू, दिलीप साहू, नम्मू साहू, राजू, घनाराम साहू, भगवती वर्मा, अश्वनी निषाद, दिनु राम, रामाधीन साहू, कोमल सिंह, कमलेश गिरी गोस्वामी, गोपाल यादव, सीमा साहू तथा जिलेभर के सभी बाल संस्कार, युवा सेवा संघ, महिला मंडल के सेवाधारियों का विशेष सहयोग रहा।

# एनबीआईएस, बोरी में इकोज आफ टैलेंट का पांच दिवसीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में पांच दिवसीय इकोज ऑफ टैलेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधि डायग्नोस्टिक की संचालिका डॉ. विधि तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। विशेष अतिथि एनबीआईएस के संचालक नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी उपस्थित रही। इकोज ऑफ टैलेंट का शुभारंभ सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती के तैलचित्र में दीप प्रज्ज्वलन कर माल्यार्पण किया गया। पांच दिवसीय आयोजन के लिए प्रतियोगिताओं के लिए विषय संबंधित निर्णायकों का चयन किया गया है। जिनका निर्णय अंतिम व मान्य रहेगा।

शाला प्राचार्य एकता गांधी व एडमिन नितिन चौहान द्वारा सभी अतिथियों व निर्णायकों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

पांच दिवसीय आयोजन में पहले दिन एजुकेशनल मेला के साथ फन फेयर, रंगोली, मेहंदी व क्ले मॉडलिंग आयोजित की जाएगी। दूसरे दिन के आयोजन में हिंदी व अंग्रेजी भाषा में शब्द सृजन को शामिल किया गया। साथ ही यूथ पार्लियामेंट में बच्चों द्वारा राजनीति वाद-विवाद प्रतियोगिता कराई जाएगी। तीसरे व चौथे दिन के आयोजन में विभिन्न खेलों को जोड़ा गया है। जिसमें इंडोर एवं आउटडोर गेम्स में बच्चे अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे। आखिरी व पांचवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता रखी गई है। जिसमें छोटे बच्चों हेतु फैंसी ड्रेस, गायन, वादन, नृत्य, अभिनय द्वारा बच्चों की आंतरिक प्रतिभा को निखारा जाएगा।

### बच्चों को किया गया पुरस्कृत

पांच दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। पांच दिवसीय आयोजन के लिए सभी प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक का निर्णय अंतिम व मान्य रहेगा। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी का कहना है कि हर बच्चे में अपनी विशेष प्रतिभा होती है। हमें जरूरत है बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उन्हें एक मंच देने की। इकोज ऑफ टैलेंट द्वारा शाला, बच्चों को एक मंच प्रदान कर रही है, ताकि बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन कर सके। पांच दिवसीय आयोजन में शाला के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है।

### आरएसएस ने मनाया शरद पूर्णिमा



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने राजनांदगांव नगर के किलापारा बस्ती में शरद पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया। क्रीड़ा भारती के संगठन मंत्री कौशलेन्द्र की उपस्थिति में यह उत्सव स्थानीय श्री बाला बाबा मंदिर सोनारपारा दिग्विजय कॉलेज रोड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम रात्रि 9 से 10 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के कई प्रमुख पदाधिकारी और स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संघ के प्रमुख पदाधिकारियों में विष्णु साव, अनीस घोटकर, अरुण भास्कर गुप्ता, बस्ती प्रमुख अनिल नागवंशी, बस्ती प्रमुख नितिन शुक्ला, मनोज निर्वाणी, शशांक निर्वाणी, केशव राव गनवीर और दिवाकर वाजपेयी, अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी व वैभव निर्वाणी, गुरवंत सिंह ठाकुर, कुलदीप पाल और भारतीय जनता पार्टी के पार्षद शैंकी बग्गा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनोज निर्वाणी ने किया। कार्यक्रम में भजन का दौर चला। जिसके बाद संघ की प्रार्थना हुई। यह उत्सव लगभग एक घंटे तक चला। जिसमें उपस्थित लोगों को अपने विचार रखने और अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिला। देवकुमार निर्वाणी ने कहा कि यह परंपरा अमृत मंथन के समय अमृत कलश निकलने के बाद से चालू हुई है। वैभव निर्वाणी ने बताया कि इस दिन चंद्रमा पृथ्वी के सबसे करीब रहता है। नगर सेवा प्रमुख अरुण भास्कर ने इस दिन के महत्व पर प्रकाश डालते बताया कि पूर्णिमा की रात चंद्रमा की रोशनी में रखी खीर को अमृत रूपी माना जाता है, क्योंकि माना जाता है कि इसी दिन अमृत की बूंदें खीर पर गिरती है, जो शरीर और स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है।

### डोंगरगांव में किसान सम्मेलन 15 को

**डोंगरगांव।** स्थानीय मंडी परिसर में आगामी 15 अक्टूबर को जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। इस सम्मेलन में किसानों को खेती से संबंधित उपयोगी जानकारी मिलेगी।

### निधन

### बालमुकुंद रजक

**सड़क अतरिया।** ग्राम के



बालमुकुंद रजक का शुक्रवार को निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ था। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिवार, मित्र एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### स्कूल की जागरूकता रैली से गूंजा पूरा गांव

# डायरिया के खिलाफ बच्चों ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



ग्राम पंचायत सम्बलपुर में फैले डायरिया के प्रकोप को देखते हुए शनिवार 11 अक्टूबर को शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर के शिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलकर डायरिया जागरूकता रैली निकाली। शाला के विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां और पोस्टर लेकर पूरा गांव घूमा और जोर-शोर से नारे लगाए। रैली के माध्यम से उन्होंने गांव के लोगों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। रैली का मुख्य फोकस पानी को उबालकर पीने, शौच के बाद और पहले हाथ धोने जैसी व्यक्तिगत स्वच्छता की आदतों को अपनाने पर था। बच्चों ने गांव वालों से नलकूप, बोरवेल, पानी टंकी और जल निकासी (सीवरेज) सहित अन्य स्थानों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की ताकि दूषित पानी के कारण फैलने वाले संक्रमण को रोका जा सकें। इस सामुदायिक प्रयास को गांव के जनप्रतिनिधियों और प्रबंधन समिति का भी पूरा सहयोग मिला। शाला के प्रधान पाठक राजेंद्र कुमार जंघेल, शिक्षक शिवचरण कुमार वर्मा और विकास खाखा के नेतृत्व में यह रैली निकाली गई। इस दौरान सरपंच लक्ष्मीदेवी जंघेल और शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष महेश जंघेल शामिल रहे।

### स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैम्प

गंडई हास्पिटल में पदस्थ डॉक्टर प्रशांत सोनी ने बताया कि वर्तमान में सम्बलपुर के 5 मरीज हास्पिटल में भर्ती है। गांव में दो दिनों से कैम्प लगाया जा रहा है। पानी जांच के लिए सेम्पल भेजा गया है साथ ही ग्रामीणों को समझाइश दिया गया है कि जिस सोर्स से पानी पी रहे है उसे कुछ समय के लिए बंद कर अन्य सोर्स से पानी का इस्तेमाल करे। जल्द ही डायरिया का प्रकोप ग्राम से खत्म करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# दिग्विजय कॉलेज में स्वयंसेवकों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




समाज में नशाखोरी की गंभीर चुनौती का मुकाबला करने और युवा पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नाकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज एक भव्य नशामुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली 01 से 08 अक्टूबर तक चलने वाले नशा निषेध सप्ताह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी।

यह पहल प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के प्रेरणादायक संरक्षण में संचालित की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-01 एवं 02 के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तऋषि एवं प्रो. करुणा रावटे के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक रैली में हिस्सा लिया। रैली के समापन पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कुल स्वयंसेवकों ने एक औपचारिक समारोह में भाग लिया। सभी ने सामूहिक रूप से नशा निषेध की शपथ ली। स्वयंसेवकों ने यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशे की लत के खतरों से बचाने सक्रिय रूप से प्रयास करेंगे।

महाविद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन पर सभी स्वयंसेवकों और मार्गदर्शकों की सराहना करते कहा कि इस तरह के सामाजिक सरोकार वाले कार्यक्रम युवाओं को एक जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह आयोजन नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में महाविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस आयोजन में वरिष्ठ स्वयंसेवी शिवम यादव, वीणा साहू, रुस्तम नूरेटी, दिव्या यादव, योग्यता कुंबले , भानुप्रसाद रावटे, दिव्या निषाद, पायल बैस, मेनका सहित 100 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।







### साढ़े तीन वर्ष से बिजली बिल नहीं भरा है नगर पंचायत

# दीपावली से पहले बंद हो सकती है स्ट्रीट लाइट, निकायों में हडकंप

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी**

टाइमिंग में बिजली बिल नहीं भरने और सालों से बकाया नहीं पटाने को लेकर शासन से जुड़े दो महत्वपूर्ण विभागों में ठन गई है। छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने नगरीय प्रशासन विकास विभाग की इकाई नगर पंचायत को बिजली बिल भरने के लिए अंतिम चेतावनी दी है। बिजली कंपनी का नगर पंचायत पर एक करोड़ तीस लाख से अधिक राशि का बकाया है। बताया जाता है कि पिछले साढ़े तीन साल से बिजली कंपनी बिल भरने के लिए नोटिस पर नोटिस जारी कर रही है, लेकिन नगर पंचायत बिल भरना तो दूर नोटिस का जवाब भी नहीं दे रही है।

छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी के सहायक अभियंता बीएन कुर्रे ने बताया कि अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत ने पिछले साढे तीन वर्ष से अधिक समय का बिजली बिल नहीं भरा है। एई श्री कुर्रे ने बताया कि नगर पंचायत से वाटर वर्क्स का 90 लाख और सड़क बत्ती का 40 लाख से अधिक का बिजली बिल की राशि लेनी है। उन्होंने बताया कि वे समय-समय पर लगातार पिछले कई वर्षों से बिजली बिल अदा करने कंपनी के कार्यालय की ओर से नगर पंचायत को नोटिस जारी कर रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें आश्वासन के अलावा और कुछ नहीं मिल पा रहा है। श्री कुर्रे ने बताया कि उन्होंने मार्च महीने में और अभी हाल में कंपनी की ओर से बिजली बिल भरने के लिए सूचना दी है, लेकिन अब तक नगर पंचायत की ओर से बिजली बिल नहीं भरा गया है।

### दीपावली से पहले कट सकती है बिजली



बिजली कंपनी की ओर से चेतावनी दी गई है कि बिजली बिल नहीं भरा गया तो लाइन कट कर दी जाएगी। यदि ऐसा हुआ तो दीपावली पर्व से पहले नगर की सड़कें रात में अंधेरा से घिर जाएगा और नगर की प्रकाश व्यवस्था ठप हो जाएगी। जबकि वाटर वर्क्स की बिजली कटी तो फिर नगरवासियों को पेयजल आपूर्ति करने में नगर पंचायत के लिए एक बड़ी समस्या बन जाएगी। इधर बिजली काटने की नोटिस के बाद नगर पंचायत में खलबली मची हुई है।

### पीएचई सबसे बड़ी बकायादार

छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी के सहायक अभियंता बीएन कुर्रे ने बताया कि उसके सब-डिवीजन में पीएचई सबसे बड़ी बकायादार है। एई ने बताया कि पीएचई ने वाटर वर्क्स का पिछले दो वर्ष से बिजली बिल अदा नहीं किया है। कंपनी को वर्तमान स्थिति में दो करोड़ से अधिक बिजली बिल की राशि पीएचई से वसूलनी है।

### अनुदान के लिए नगर अध्यक्ष ने की संचालक से चर्चा

बिजली कंपनी की चेतावनी एवं बिल भरने को लेकर आ रही समस्या के निरकारण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर में नगरीय प्रशासन विकास विभाग के संचानालय एवं मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों से भेंट कर चर्चा की। नगर अध्यक्ष ने कहा कि विभाग के शीर्ष अधिकारियों से संचालनालय में भेंट कर इस समस्या के निदान के लिए चर्चा की गई है। विभाग की ओर से आश्वासन मिला है कि यह समस्या एक नहीं कई निकाय के साथ बनी हुई है। जल्द ही इस संदर्भ में शासन स्तर पर उचित निर्णय लिया जाएगा।

## मेयर ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**



बल्देवबाग एवं वर्धमान नगर में वार्ड विकास के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने जनप्रनिधियों, पार्षदों तथा वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे की निधि एवं उनकी अनुशंसा तथा शासन द्वारा अधोसंरचना व शासन की विभिन्न योजना मद से स्वीकृत राशि से वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

विकास कार्य की कड़ी में वार्ड नं. 15 में 5 लाख रुपए की लागत से रोड एवं नाली निर्माण, विधायक निधि अंतर्गत 3 लाख रुपए की लागत से मोतीतालाब के पास सामुदायिक भवन, प्रभारी मंत्री की स्वीकृति अनुसार 5 लाख रुपए से गणेश मंदिर से तहसील कार्यालय तक सीसी रोड निर्माण तथा प्रभारी मंत्री की अनुशंसा से ही 3.44 लाख रुपए की लागत से मखियार समाज सामुदायिक भवन निर्माण करने भूमिपूजन किया जा रहा है।

महापौर यादव ने कहा कि इसी प्रकार वार्ड नं. 19 में 6.75 लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लाक लगाने, 5 लाख रुपए से शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण करने, 6 लाख रुपए से शक्ति नगर में इंटरलाकिंग पाथवे निर्माण करने, पूनम कालोनी में 5.20 लाख रुपए की लागत से रोड निर्माण करने तथा विधायक निधि अंतर्गत 3 लाख की राशि से पूनम कालोनी शिव मंदिर के पास शेड लगाने भूमिपूजन किया जा रहा है।

महापौर यादव ने बल्देवबाग में वार्ड पार्षद प्रमोद झंझाडे सहित सुनील बाजपेयी, रामराज यादव, प्रदीप ओवथनकर, अनिल चौहान, उषा गुप्ता, चंद्रिका यादव, रोहित यादव, धनंजय यादव की उपस्थिति एवं वर्धमान नगर में छग अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष रामजी भारती, पूर्व नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य राजेश जैन रानू व शैंकी बग्गा, पार्षद रेखा पारख, पार्षद जैनम बैद, पार्षद प्रतिनिधि अभय पारख सहित रमेश वानकर, सुमित भाटिया, चंद्रकांत देव, राजीव कुरियाकोस, हरमीत चावला, गितेश वानकर, रितेश गौते की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में उप अभियंता तिलक राज ध्रुव तथा वार्डवासी उपस्थित थे।

## आबकारी ने पकड़ा महाराष्ट्र की शराब

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**



धरपकड़ अभियान के तहत आबकारी विभाग ने महाराष्ट्र निर्मित 45 पौवा देशी दारू संतरा आरोपी से बरामद कर कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी अनुसार आबकारी विभाग के वृत्त चिचोला क्षेत्र में धरपकड़ अभियान के तहत आरोपी युवराज साहू से पुलिस ने 45 पौवा देशी दारू संतरा बरामद कर कार्रवाई की है। ज्ञात हो कि विभाग को लगातार अवैध रूप से शराब तस्करी एवं बिक्री की शिकायतें मिल रही थी, जिसके मद्देनजर आबकारी विभाग ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है।

### बच्चों के बीच हुआ न्योता भोज का आयोजन



**राजनांदगांव।** शहर के बांसपाई पारा स्थित मदरसा नौनिहाल स्कूल में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रज्जाक खान की सुपुत्री बुशरा खान के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बच्चों को उपहार और स्वल्पाहार दिया गया। रज्जाक खान ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से स्कूल में सामूहिकता और सामाजिक समरसता की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया है।

## वार्डों में 13 से सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है।

इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह जून से अगस्त 2025 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 29 सितंबर से 14 नवंबर तक सुबह 11.30 से दोपहर 3.30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 13 अक्टूबर को वार्ड नं. 16 व 17 के लिए ठा.प्यारेलाल सिंह स्कूल, 14 अक्टूबर को वार्ड नं. 18 व 19 के लिए आनंद विहार कालोनी के सामुदायिक भवन गली नं. 5 एवं 15 अक्टूबर को वार्ड नं. 22, 44 व 45 के लिए आंगनबाड़ी सतनामी पारा कौरिनभाठा में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिए भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने पेंशनधारियों से वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर पेंशन का लाभ लेने की अपील की है।

## जिले में बदहाल स्वास्थ्य सुविधा शिवसेना ने उठाई मांग

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश सचिव कमल सोनी ने कहा कि जिला चिकित्सालय, उपस्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में व्यवस्था का हाल-बेहाल है। छोटी-मोटी बीमारी के ईलाज के लिए आमजन को दर-दर भटकना पड़ रहा है। उप स्वास्थ्य केन्द्र से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फिर जिला चिकित्सालय और फिर मेडिकल कॉलेज भेजा जा रहा है और मेडिकल कॉलेज से मरीजों को रायपुर भेजा जा रहा है। मजबूरन पीड़ितों को प्राईवेट नर्सिंग होम जाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य के नाम पर वृहद रूप से अव्यवस्था बनी हुई है। गांव-गांव में बने स्वास्थ्य केंद्रों में लगातार डॉक्टरों की उपस्थिति नहीं है। जिला अस्पताल में भी पर्याप्त स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की उपलब्धता नहीं है। मेडिकल कॉलेज में भी पर्याप्त स्पेशलिस्ट डॉक्टर और मेडिकल उपकरण की कमी के कारण



राजनांदगांव सहित आसपास के कई जिलों की आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आम जनता के लिए सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। कमल सोनी ने कहा कि जिले के मेडिकल कॉलेज में भी कई बार इलाज में लापरवाही के मामले सामने आए हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिले के कई निजी अस्पतालों पर भी लापरवाही के मामले सामने आए और शिकायत करने के बाद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही है।

## साकेत साहित्य परिषद का वार्षिक समारोह आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**



साकेत साहित्य परिषद सुरगी के बैनर तले ग्राम विकास समिति ढोड़िया के सहयोग से परिषद का 26वां वार्षिक समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम तीन सत्र में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र मर्ज होती शिक्षा व्यवस्था पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा. सुधीर शर्मा एवं अध्यक्षता बद्रीप्रसाद पारकर ने की। विशिष्ट अतिथि सीताराम साहू, आत्माराम कोशा, हरभजन सिंह भाटिया एवं कुबेर सिंह साहू शामिल हुए।

इस अवसर पर सुधीर शर्मा, बद्रीप्रसाद पारकर, कुबेर सिंह साहू, आत्माराम कोशा, हरभजन सिंह भाटिया, सीताराम साहू ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर धर्मेन्द्र पारख, दिलीप साहू, वीरेन्द्र कुमार तिवारी की उपस्थिति रही। स्वागत भाषण देते ओमप्रकाश साहू ने साकेत साहित्य परिषद के छब्बीस वर्ष की यात्रा, संघर्ष एवं उपलब्धियों को रेखांकित किया। परिचर्चा का संचालन महेन्द्र कुमार बघेल एवं आभार व्यक्त अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा ने किया। द्वितीय सत्र में साकेत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सीताराम साहू, भूखन वर्मा व देव साहू को साकेत सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि कोमल सिंह राजपूत व अध्यक्षता दिल्लूराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि बिहारी पटेल, यादूराम निषाद उपस्थित थे। इस अवसर पर कोमल सिंह राजपूत ने अपने विचार रखे। इस सत्र का संचालन लखनलाल साहू एवं आभार व्यक्त सचिन निषाद ने किया।

तृतीय सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पचास से अधिक कवियों ने विभिन्न रसों से ओतप्रोत कविता पाठ किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. शंकर मुनि राय एवं संचालन वीरेन्द्र तिवारी ने किया। इस दौरान प्रभात तिवारी, गजेंद्र हरिहारनो, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, डॉ. इकबाल खान, शमीम अहमद सिद्दीकी, चंद्रिका प्रसाद देशमुख, जितेन्द्र कुमार पटेल, जयकांत पटेल, कुंजबिहारी साहू, शरद यादव, मिनेश साहू, ईश्वर साहू, डॉ. प्रवीण साहू, इंद्रजीत दादर, ग्वाला प्रसाद यादव, संतोष ठाकुर, एसएल गंधर्व, हेमलाल सहारे, टिकेश्वर सिन्हा, रूपा साहू, आशा झा, चंचल साहू, सोनिया सोनी, प्रीति सरू, अलखराम यादव, राजकुमार श्याम, जसवंत मंडावी, दिनेश राजपूत, बेदराम पटेल, कन्हैयालाल मेश्राम, होरीलाल भुआर्य सहित अन्य लोग शामिल थे।



## सार समाचार



राजनांदगांव। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके दिल्ली स्थित आवास में जिले के चिकित्सक डॉ.प्रियांक विद्याभूषण ठाकुर ने सौजन्य मुलाकात की।

### सामान्य समिति की बैठक 16 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत-सामान्य समिति की बैठक 16 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। बैठक में सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### योगाभ्यास का आयोजन 13 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा 13 अक्टूबर को सुबह 7 से 8 बजे तक योग वेलनेस सेन्टर आयुष पॉलीक्लीनिक दीनदयाल नगर वार्ड नंबर 6 पानी टंकी के पास चिखली राजनांदगांव में योग चिकित्सक द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। योगाभ्यास कार्यक्रम में जिला स्तरीय विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जिसके अंतर्गत तहसील राजनांदगांव अंतर्गत अतिवृष्टि से 5 मकान आंशिक क्षति होने पर 20 हजार रुपए, अतिवृष्टि से 2 मकान पूर्णत क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रुपए, अतिवृष्टि से 1 झोपड़ी आंशिक क्षति होने पर 8 हजार रुपए, तालाब के पानी में डूबने पर 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, आग से जलने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए तथा डोंगरगढ़ तहसील में अतिवृष्टि से 50 मकान आंशिक क्षति होने पर 2 लाख रुपए, अतिवृष्टि से 1 पशुकोठा क्षति होने पर 3 हजार रुपए, अतिवृष्टि से 1 झोपड़ी क्षति होने पर 8 हजार रुपए आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### गौराहा बने फोरम के अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने अश्वनी कुमार गौराहा सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम राजनांदगांव क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया है। विद्युत नियामक आयोग के आदेश के परिपालन में एके गौराहा ने बुधवार को क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन स्थित कार्यालय में विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट, अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त शंकेश्वर कंवर, कार्यपालन अभियंता एडी टंडन, गीता ठाकुर, लेखाधिकारी भावेश बाल्दे सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम राजनांदगांव क्षेत्र के नवपदस्थ अध्यक्ष श्री गौराहा को पदभार ग्रहण करने की बधाई दी।



### सशक्तिकरण विषय पर वेबिनार आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय के रिसर्च सेल, आईक्यूएसी सेल, माई भारत राजनांदगांव एवं वितरागा रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत के लिए अंतःविषय अनुसंधान एवं छात्रों और युवाओं का सशक्तिकरण विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया। को-कन्वेनर प्रो. विजय मानिकपुरी ने आत्मनिर्भरता के पांच तत्वों अर्थव्यवस्था, मांग, जनसंख्या, तंत्र और संरचना को बताते आत्मनिर्भर भारत के लाभ और युवा पर जानकारी साझा करते प्रतिभागियों का स्वागत किया।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने स्वागत उद्बोधन देते युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक करने प्रेरित किया। माधीश पारिख ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। वेबिनार के द्वितीय सत्र में यतिन भास्कर दुग्गल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए युवा सशक्तीकरण एवं कौशल विकास अधिक महत्वपूर्ण है। डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन, आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि इस प्रकार के आयोजन से युवाओं में आत्मनिर्भरता की भावना जागृत होती है और वे देश के विकास में योगदान देने प्रेरित होते हैं।

### पांडेय बने एफसीओबी छत्तीसगढ़ के चेयरमैन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़वासियों के लिए बड़े ही हर्ष और गौरव की बात है कि डॉ. नीरज पाण्डेय को फॉर्मर काउंसिल ऑफ भारत ने छत्तीसगढ़ प्रदेश का चेयरमैन नियुक्त किया है। डॉ. पांडेय ने पिछले 15 वर्षों में कृषि के क्षेत्र में बहुत ही अभूतपूर्ण कार्य किए। कृषि क्षेत्र में डॉ. पांडेय ने हमेशा किसानों के हित में उनकी आय को बढ़ाने एवं किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। डॉ. पांडेय कृषि के क्षेत्र में उन्नतशील बीजों एवं उत्तम गुणवत्ता की रासायनिक एवं जैविक कृषि दवाइयों एवं उर्वरकों के क्षेत्र में बहुत बड़े स्तर पर काम किया है।



### देशभर में भाजपा मनाएगी पटेल की जयंती

- बंटी संयोजक और बोधन व नोमेश को सह-संयोजक की मिली जिम्मेदारी

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी आगामी 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती को देशभर में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाएगी। इस अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी एवं उनके प्रखर व्यक्तित्व को जन-जन तक पहुंचाने जिला स्तर पर समिति बनाकर खंड एवं मंडल स्तर पर विभिन्न आयोजन भी करेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि अखंड भारत के निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान का सम्मान करने लौह पुरूष के जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसलिए केंद्र एवं प्रदेश भाजपा के निर्देश का अनुशरण करते जिला स्तरीय सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती समिति का गठन किया गया है। जिसमें जिला संयोजक की महती जवाबदारी बंटी लाल एवं सह-संयोजक के रूप में बोधन साहू एवं नोमेश वर्मा को बनाया गया है।

जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी एवं डीकेश साहू ने नवगठित समिति को शुभकामनाएं देते सरदार वल्लभ भाई की जयंती को मंडल स्तर पर मनाने का आह्वान किया है।

# सर्व हिन्दू समाज ने कहाः राजा द्वारा तैयार बायलॉज से ही संचालन मां बम्लेश्वरी मंदिर में विवाद पैदा करने वालों का होगा पूरजोर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़.

सर्व हिन्दू समाज ने शनिवार को धर्मनगरी में एक बैठक आहूत कर कहा है कि कुछ धर्म विरोधी विघ्न संतोषी लोगों द्वारा विगत कुछ वर्षों से हिन्दू धर्मावलंबी भोले-भाले लोगों को बरगला कर धर्म विमूख करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है । ऐसे लोगों द्वारा धर्म परिवर्तन करवा कर मतांतरण(धर्म परिवर्तन) तो किया ही जा रहा है साथ ही भोले भाले लोगों को हिन्दू धर्म के खिलाफ करने का प्रयास भी किया जा रहा है। जिसका एक ताजा उदाहरण डोंगरगढ़ के आसपास के आदिवासी समाज के कुछ लोगों को भड़का कर हिन्दू धर्म से अलग करने के प्रयास के रूप में दिख रहा है।

सर्व हिन्दू समाज का कहना है कि ट्रस्ट समिति द्वारा ट्रस्ट गठन के पश्चात किसी भी पुरानी परम्पराओं को बंद नहीं किया गया है , परम्परा अनुरूप आवश्यक समस्त पूजन कार्य निरंतर किये जा रहें हैं। ट्रस्ट समिति गठन के समय ही स्वर्गीय राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों को दिये गये निर्देश एवं सुझाव को मानते हुए ही ट्रस्ट समिति का बायलाज (विधान) बनाया गया है। स्वर्गीय राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा तात्कालिक प्रबुद्ध जनों को स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि उनके जीवनकाल में वे ट्रस्ट समिति के मानद सदस्य रहेंगे एवं उनके पश्चात उनके परिवार का कोई भी सदस्य ट्रस्ट समिति का सदस्य नहीं रहेगा। उनके द्वारा व्यक्त किये गये भावना के ही अनुरूप ट्रस्ट समिति के आजीवन मानद सदस्य के रूप में उनका नाम सबसे ऊपर आज तक ससम्मान अंकित किया जा रहा है।

## सर्व हिन्दू समाज प्रमुखों की बैठक सम्पन्न, दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग

### पंचमी भेंट जैसी नहीं रही परंपरा

सर्व हिन्दू समाज का कहना है कि स्वर्गीय राजा विरेन्द्र बहादुर सिंह के समय पंचमी भेंट जैसी कोई परम्परा नहीं थी यदि ऐसी कोई परम्परा होती तो राजा साहब द्वारा उस परम्परा का निर्वहन भी किया जाता और उसका उल्लेख भी ट्रस्ट समिति के बायलाज (विधान) में कराया जाता।



### व्यापार में पड़ेगा व्यापक असर

मंदिर का विकास ही शहर और ग्रामीण क्षेत्र के विकास का आधार है। यदि मंदिर परिसर में किसी व्यक्ति या व्यक्ति समूह द्वारा किसी भी प्रकार का विवादास्पद माहौल बनाया जाता है तो उससे डोंगरगढ़ क्षेत्र का विकास कार्य तो अवरूद्ध होगा ही साथ ही मंदिर से जुड़े हजारों लोगों के व्यवसाय पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

### 16 को सौंपेंगे ज्ञापन

सर्व हिन्दू समाज ने यह भी निर्णय लिया है कि 12,13 व 14 अक्टूबर को समाज प्रमुखों द्वारा सामाजिक बैठक लेने के पश्चात 16 अक्टूबर को सर्व हिन्दू समाज के कार्यकर्ताओं के द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### सर्व हिन्दू समाज करेगा विरोध

सर्व हिन्दू समाज के सहयोग से मंदिर का विकास होने के पश्चात किसी भी व्यक्ति द्वारा या कोई भी व्यक्ति समूह द्वारा एकाधिकार बताने के किसी भी प्रयास का पूरजोर विरोध सर्व हिन्दू समाज हमेशा करेगा। ट्रस्ट समिति द्वारा नवरात्र पर्व के दौरान अनाधिकृत रूप से गर्भगृह में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों के संबंध में किये गये शिकायत पर शीघ्र कार्यवाही किए जाने की मांग बैठक में उपस्थित सर्व हिन्दू समाज के समस्त प्रमुखों और समस्त संगठन प्रमुखों ने किया है।

### नियमों का सभी करें पालन

सर्व हिन्दू समाज के किसी भी व्यक्ति द्वारा अपनी परम्पराओं के अनुरूप मंदिर परिसर में पूजन कार्य किये जाने पर ट्रस्ट समिति को कोई आपत्ति नहीं है परन्तु यह कार्य मंदिर परिसर के पवित्रता व नियम के अनुकुल होने पर ही स्वीकृति दी जा सकती है।

## लड़ते नेता, बढ़ती दरार, कैसे मजबूत होगी कांग्रेस

# संगठन सृजनः शक्ति प्रदर्शन से नेतृत्व की मंशा पर फिरेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

बेहतर अध्यक्ष का चयन और संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राय ली जा है, किन्तु इस दौरान दावेदार जिस तरह से शक्ति परीक्षण कर हैं, उससे आने वाले समय में संगठन में बड़ी दरार देखने मिल सकती है। कांग्रेस में मची धमाचौकड़ी को देखते हुए चुनाव प्रभारी की मंशा के अनुरूप जमीनी कार्यकर्ता को कमान मिलने की संभावना कम है।

सौ साल से अधिक पुरानी कांग्रेस में शहर और ग्रामीण अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया चल रही है। कार्यकर्ताओं की सलाह से चयन करने के लिए एआईसीसी ने चुनाव प्रभारी मनोनीत किया है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र का दायित्व चरण सिंह सपरा को मिला है। श्री सपरा बीते दिनों राजनांदगांव, डोंगरगांव, खैरागढ़, मोहला, मानपुर, अंबागढ़ चौकी सहित अन्य स्थान पहुंचकर कार्यकर्ताओं को टटोल चुके हैं। साथ ही उन्होंने साफ कर दिया है कि संगठन में नेता पुत्रों के बजाय जमीनी नेताओं को मौका दिया जाएगा।

### ढाक के तीन पात

पहले भी अध्यक्ष के चयन के लिए कुछ इसी तरह की प्रक्रिया अपनाया जाता था। पर्यवेक्षक कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनकी पसंद जानते थे, किन्तु नियुक्ति उसी की होती थी, जो बड़े नेताओं का चहेता होता था। कार्यकर्ताओं की पसंद को पूरी तरह दरकिनार कर दिया जाता रहा है। कांग्रेस में एक बार फिर चयन प्रक्रिया चल रही है, किन्तु दावों के अनुरूप कार्यकर्ताओं की सलाह से अध्यक्ष चुना जाएगा। इस पर संदेह जाहिर किया जा रहा है।

### यह है अध्यक्ष बनने इच्छुक

चुनाव प्रभारी श्री सपरा के समक्ष जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष बनने की इच्छा मौजूदा अध्यक्ष भागवत साहू, जिला सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, कांग्रेस नेता विष्णु लोधी, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने व्यक्त की है।

### ऐसे कैसे होगा

कांग्रेस के पृष्ठ में देखा जाए तो यह साफ है कि आजादी के बाद से एक लंबे समय तक राजपरिवार के इर्द-गिर्द घूमते रही है। राजपरिवार के करीबी ही संगठन की बागडोर संभालते रहे और कार्यकर्ता स्वीकार भी करते रहे। बीते कुछ सालों में राजपरिवार को किनारे कर नए प्रयोग भी किया गया, किन्तु देखने में आया कुछ अपवाद को छोड़कर अधिकांश नेतृत्वकर्ता कार्यकर्ताओं की कसौटी में खरे नहीं उतरे। कुछ की स्थिति तो यह भी रही कि अपने समूचे कार्यकाल में पूरी कार्यकारिणी की बैठक तक नहीं ले सके।

### संगठन में घमासान के हालात

चयन प्रक्रिया के आगे बढ़ने के साथ ही कांग्रेस नेताओं के बीच संघर्ष के हालात दिखाई देने लगे हैं। नेता अपनी लाइन बढ़ाने के साथ दूसरे प्रतिद्वंदी की जड़ों में मठा डालने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं कुछ जातिगत और कुछ संख्या बल के आधार पर दावेदारी कर रहे हैं। वहीं कुछ ऐसे भी हैं, जो घोर विरोधी भाजपा से गठजोड़ करने से परहेज नहीं करते हैं। अब तक जितने भी दावेदारों के नाम सामने आए हैं, उसमें एक-दो को छोड़कर कोई भी ऐसा नहीं है। जिसकी जिलेभर में पहचान होने के साथ कार्यकर्ताओं के बीच पकड़ हो। मौजूदा वक्त में कांग्रेस को ऐसे अध्यक्ष की जरूरत है, जो सबको जोड़ते हुए सशक्त विपक्ष की भूमिका भी निभा सके।

### सामान्य सभा की बैठक 12 को

**राजनांदगांव।** उप समिति राजनांदगांव की सामान्य सभा की बैठक 12 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से महाराणा प्रताप मंगल भवन दीनदयाल नगर चिखली में रखी गई है। जिसकी अध्यक्षता उपसमिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय द्वारा किया जाएगा। बैठक में मुख्य विषय महासभा से प्राप्त पत्रों का वाचन एवं जानकारी, वार्षिक सदस्यता बुक वितरण आवश्यक जानकारी, महाराणा प्रतापजी पर आधारित प्रश्न प्रतियोगिता करवाने पर चर्चा व निर्णय, जोन स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन पर चर्चा व निर्णय, वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने एवं कैरियर गाइडेंस पर चर्चा व निर्णय, महाधिवेशन पर चर्चा व निर्णय, अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा होगी। उपसमिति सचिव रघुनंदन सिंह ठाकुर ने सभी पदाधिकारियों, सक्रिय व सम्मानीय सदस्यों, महिला मंडल, युवा मंडल से उपस्थिति की अपील की है। जानकारी ठा.आदर्श सिंह ने दी।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## मासूम का अपहरण का प्रयास, आरोपियों को किया पुलिस के हवाले

- डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस मामले की जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

मोहल्ले में खेल रहे एक 10 वर्षीय बच्चे का दो युवकों ने अगवा करने का प्रयास किया। जिनसे किसी तरह अपने आपको छुडाकर मासूम घर पहुंचा। इस मामले की जानकारी होने पर लोगों में दो संदिग्धों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 में शनिवार की सुबह एक मासूम युवक 10 वर्ष अपने घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान दो संदिग्ध युवक उसके पास पहुंचे और भीख मांगने का प्रयास किया। आसपास कोई ना दिखने पर संदिग्धों ने अचानक मासूम को पकड़ लिया और भागने लगे। बताया गया कि बच्चे ने पूरी ताकत लगाकर स्वयं को छुटवाया और घर पहुंचकर आप बीती बताई, तब मोहल्ले के लोग एकत्र हुए और संदिग्धों को खोजकर उसे पुलिस के हवाले किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

## भोपाल में आयोजित ट्रैवल मार्ट में शामिल होंगे नीलू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मध्यप्रदेश पर्यटन एवं फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में 11 से 13 अक्टूबर तक भव्य रूप से मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड अध्यक्ष नीलू शर्मा की अगवाई में विशेष रूप से सहभागिता किया जा रहा है।



इस अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन प्रमोशन इवेंट में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रस्तुतीकरण एवं राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय ट्रैवल एजेंट्स तथा पर्यटन क्षेत्र के अन्य प्रतिनिधियों के साथ सीधे बैठक सह बी टू बी कर छत्तीसगढ़ पर्यटन की जानकारी एवं पूर्ण विवरण इन्हें दी जाएगी। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ टूरिज्म के प्रचार व ब्रांडिंग हेतु छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित करता हुआ आकर्षक छत्तीसगढ़ टूरिज्म पवेलियन बनाया जा रहा है।

इस आयोजन में विभिन्न प्रदेशों के पर्यटन बोर्ड एवं विभागों के साथ-साथ 27 देशों तथा 80 से भी ज्यादा एक्सपर्ट टूर ऑपरेटर्स एवं सैकड़ों घरेलू टूर ऑपरेटर्स द्वार भाग लिया जा रहा है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की सहभागिता निश्चित रूप से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय टूर ऑपरेटर्स तथा साथ ही पर्यटकों को छत्तीसगढ़ पर्यटन की ओर आकर्षित करने प्रभावी प्रयास साबित होगा। इस आयोजन के शुभारंभ अवसर पर पर्यटन मंत्री भारत सरकार गजेंद्र सिंह शेखावत, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश मोहन यादव, मध्यप्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी एवं अन्य वरिष्ठ अतिथिगण तथा फिल्म जगत के भी मशहूर कलाकार आदि शामिल होंगे।

## कैबिनेट मंत्री बैठेंगे सहयोग केंद्र में

- जिले के कार्यकर्ता सहयोग केंद्र का लें लाभ – कोमल

**राजनांदगांव।** प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कार्यकर्ताओं की सुविधा और सहयोग के लिए स्थापित सहयोग केंद्र में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री निर्धारित तिथियों पर उपस्थित रहेंगे। सहयोग केंद्र के प्रभारी सच्चिदानंद उपासने ने जानकारी दी कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी 13 अक्टूबर को, उपमुख्यमंत्री अरुण साव 14 अक्टूबर को, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल 15 अक्टूबर को, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े 16 अक्टूबर तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा 17 अक्टूबर को सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि जिनका कोई भी आवश्यक कार्य लंबित है, वे निर्धारित तिथि को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, रायपुर पहुंचकर सहयोग केंद्र का लाभ अवश्य उठाएं।

NABH Entry Level
ओम हॉस्पिटल
मूत्र एवं किडनी रोग विभाग
• गुर्दे का कैंसर • गुर्दे की पथरी
• मूत्राशय का कैंसर • पुरुष बाँझपन
• मूत्रनली की पथरी • अंडकोष का कैंसर
• पेशाब में जलन होना पेशाब में रूकावट
• लिंग कैंसर • सेक्स सम्बन्धी समस्याएं
• गुर्दे की सूजन व इन्फेक्शन
BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी,रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040
#Rajesh

## वर्षावास समापन का कार्यक्रम मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला


धम्म चक्र बौद्ध विहार बिहरीकला में इस वर्ष भी वर्षावास आषाढ़ पूर्णिमा 10 जुलाई से प्रारंभ किया गया। जिसमें धम्म सेवक हमीर लाल मेश्राम द्वारा पूजा-अर्चना की एवं वर्षावास समापन का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ ग्रामीणों के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष हमीरलाल मेश्राम, पन्नालाल मेश्राम, विनय मेश्राम, आशीष मेश्राम, तारा मेश्राम, माधुरी रामटेके, निरूपा मेश्राम, भूषण गायकवाड़, रंजना गायकवाड़, हिमांशु मेश्राम, छगनलाल सोनटेके, मनराखनलाल बोरकर, धीरज रामटेके, गोरेलाल रंगारी, विपिन बांबेश्वर, ओमप्रकाश दामले, राकेश ठावरे, चिराग बोरकर, ऋषि मेश्राम, शुभम बोरकर, अविनाश घरडे, शुभम घरडे, तुषार मेश्राम, मीना मेश्राम, सरला शेंडे, शान्ति सावलकर, नितेश मेश्राम, योगेन्द्र रामटेके, शरद मेश्राम, अनुराग मेश्राम, रवि मेश्राम, संदीप रंगारी, सिद्धार्थ मेश्राम, अतुल मेश्राम, दीपेश बाम्बेश्वर, दीपक बाम्बेश्वर, मुन्नी सोनटेके, बीसोबाई बोरकर, सरोज डोंगरे, लता रामटेके, चेतना बांबेश्वर, कविता मेश्राम, संध्या बोरकर, पंकज रामटेके, नीरज रामटेके, सचिन बांबेश्वर, अनिल मेश्राम, विक्रांत मेश्राम, प्रियांशु मेश्राम, देवेंद्र रामटेके, राजेंद्र मेश्राम, महेंद्र रामटेके, निहाल बोरकर एवं इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



### भगवान गौतम बुद्ध के विचारों को बताया

अंबागढ़ चौकी विकासखंड के बिहरीकला के बौद्ध विहार में बौद्ध समाज द्वारा वर्षावास समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दल्ली राजहरा के प्रमोद कावरे एवं अं. चौकी के प्रज्ञा रत्न गोडबोले उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते तथागत गौतम बुद्ध भगवान के तीन माह तक चलने वाले पूजा के बारे बताया एवं विचारों को बताते जीवन के बारे में भी बताया। इस अवसर पर समाज द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर खीर वितरण किया गया एवं ग्रामीणों को भोजन कराया गया। साथ ही बुद्ध का विशेष पूजाकर विश्व के कल्याण, ज्ञान, आरोग्य, सुख, शांति की कामना की।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

## खबर संक्षेप

### पूर्णिमा साहू को मिली पीएचडी की उपाधि



**हरिभूमि कवर्धा।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय अंतर्गत पूर्णिमा साहू को राजनीति विज्ञान में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई है। बिलासपुर निवासी पूर्णिमा साहू अतिथि व्याख्याता के पद पर कुंडा महाविद्यालय में कार्यरत है, उन्होंने अपना शोध कार्य 2013 और 2018 विधानसभा चुनाव में मतदाता मतदान व्यवहार का अध्ययन बिलासपुर जिले के विशेष संदर्भ विषय पर डॉ जीएस धुर्वे के निर्देशन में पूर्ण किया। शोध कार्य को पूर्ण करने में मेरे प्रेरणास्त्रोत माता-पिता एवं मेरी दोस्त डॉ रुखमणी गेंदले का विशेष सहयोग रहा।

### अमलीमालगी में सात दिवसीय श्री नवधा रामायण श्रीराम चरितमानस कथा का आयोजन



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम अमली मालगी मे प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी 11 से 18 अक्टूबर तक श्री सीताराम की असीम अनुकंपा से सात दिवसीय श्री अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया गया। यह आयोजन समस्त ग्रामवासी के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें ग्राम आचार्य पं राजेंद्र प्रसाद शर्मा, पं कमलेश तिवारी एवं कथा वाचक पं राजेंद्र प्रसाद शर्मा, पं आनंद उपाध्याय, पं अरुण प्रसाद शर्मा, पं आलोक शर्मा, पं प्रशांत शर्मा, पं धनंजय दुबे द्वारा बड़ी सुंदर स्वभाव से श्रीराम चरितमानस का व्याख्यान करेंगे। जिसमें प्रत्येक मानस मंडली को समिति द्वारा सात्वना पुरस्कार के रूप में 101 रुपए दिया जाएगा वहीं 13 अक्टूबर को रात्रि कालीन 8:00 से चंचल मानस मंडली टोनाटार बलौदा बाजार की प्रस्तुति दी जाएगी। जिस पर आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जनों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

### पीजी कॉलेज में मतदाता जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार स्वीप कार्य योजना के तहत जिले के अग्रणी महाविद्यालय पीजी कॉलेज में मतदाता जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने की। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया को लोकतंत्र का आधार स्तम्भ बताते हुए नए मतदाता बने विद्यार्थियों को आगामी चुनावों में निष्पक्ष एवं अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं स्वीप नोडल अधिकारी व्याख्याता नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में मतदाता जागरूकता बढ़ाना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से सक्रिय रूप से जोड़ना है। इस अवसर पर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। परिचर्चा प्रतियोगिता लोकतंत्र बनाम चुनावी राजनीति क्या हम असली मुद्दों से भटक रहे हैं विषय पर आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान अदिति मिश्रा, द्वितीय स्थान आशीष श्रीवास्तव, तृतीय स्थान वैभव गोस्वामी ने प्राप्त किया। जिस पर निबंध प्रतियोगिता लोकतंत्र में निर्वाचन प्रक्रिया पर मीडिया की भूमिका विषय पर आयोजित हुई, जिसमें प्रथम स्थान भूमिका देवांगन, द्वितीय स्थान राजेश व तृतीय स्थान मुकेश मारकंडे ने प्राप्त किया। वहीं नुक्कड़ नाटक चुनावी प्रक्रिया में सुधार विषय पर भगवान दास बंजारे के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भय और लोभ से मुक्त होकर निष्पक्ष मतदान करने का संदेश दिया। वहीं नारा लेखन एवं वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता में लालाराम तोंद्रे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में मुकेश कामले, संतोष कुमार साहू, डॉ कविता कन्नौजे, संतोष डहरिया, कृष्ण कुमार बंजारे, डॉ जय मेहरा, लेफ्टिनेंट भानु प्रताप सिंह, आकांक्षा वर्मा, डॉ सीमा मंडावी, मनसुख लाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### पेण्ड्रीकला में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में शासकीय प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के उद्देश्य पर चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के तीसरी से पांचवी तक के सभी बालक-बालिकाओं ने बालिका शिक्षा पर अपने चित्रकला व रंगोली के माध्यम से पुस्तक पढ़ती बालिका, फूल-पौधे रोपित करती हुई बालिका का मनमोहक चित्र बनाया गया। जिस पर विद्यालय के शिक्षक बैजनाथ चंद्राकर ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य दुनिया भर में लड़कियों का सम्मान करने, उनकी कार्यो और नेतृत्व को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। यह दिन उन सभी का है जो लड़कियों और उनके अधिकारों की परवाह करते हैं, लड़कियों के अधिकारों और दुनिया भर में लड़कियों के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों को मान्यता देने के लिए 11 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षक भुनेश्वर सिंह चौहान ने कहा की लड़कियों को भी समाज में उतनी ही अधिकार और इज्जत देनी चाहिए जितनी लड़को को मिलती है। आज के वर्तमान समय में लड़कियां-लड़कों से कम नहीं है, लड़कियों का भी पूरा अधिकार बनता है की वह समाज में अपनी बात को रख सकें और उन पर हो रहे किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ आवाज उठा सकें, यह दिन उन लोगों को भी जागरूक करने के लिए है जो की लड़कियों को सामाजिक सीमाओं में बांध कर रखते हैं, देश में लड़कियों के लिए ज्यादा समर्थन और नए मौके देने के लिए इस उत्सव की शुरुआत की गई। लड़कियों की उन्नति के महत्व के बारे में पूरे देश के लोगों के बीच ये मिशन जागरुकता को बढ़ाता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक बैजनाथ चंद्राकर, भुनेश्वर सिंह चौहान, बुद्धेश्वर राम प्रधान, सुश्री जानकी चुरेंद्र व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## निधन



**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया विकाखण्ड अंतर्गत ग्राम तिलाईभाट के मालगुजार स्व. तीरथ राम साहू की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी साहू का 85 वर्ष की आयु मे आकस्मिक निधन हो गया। वहीं उनकी अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन से साहू परिवार में भारी शोक व्याप्त है। स्व.श्रीमती जानकी साहू डालचंद साहू की माता एवं श्रवण साहू व अभिषेक साहू की दादी थी।

**सौगात:** विधायक भावना की मांग पर 20 करोड़ स्वीकृत

# पंडरिया नगर में 4.55 किमी सड़क मरम्मत के लिए टेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



पंडरिया विधानसभा की प्रगति व विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यो के लिए लगातार प्रयासरत पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से विधानसभा वासियों को बड़ी सौगात मिली है। पंडरिया नगर में सड़क मरम्मत हेतु श्रीमती भावना बोहरा द्वारा केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मांग की गई थी। जिसके लिए नितिन गडकरी द्वारा नगर के 4.55 किलोमीटर सड़क के मरम्मत कार्य के लिए 20 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है और मरम्मत कार्य के लिए टेंडर भी जारी हो चुका है। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय का आभार व्यक्त करते हुए नगर वासियों को बधाई दी।

बताया जाता है कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 130 के तखतपुर, मुंगेली, पंडरिया और पोंड़ी शहर सड़क मार्ग के मरम्मत कार्य हेतु 82 करोड़ 91 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें पंडरिया नगर के सड़क मरम्मत हेतु विधायक भावना बोहरा के आग्रह पर 20 करोड़ रुपए की स्वीकृति शामिल है। हाल ही में पंडरिया नगर पालिका अंतर्गत 1 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यो की सौगात मिली है, जिसमें हरिनाला पुल निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई, पंडरिया बाईपास का निर्माण हो रहा है। वहीं महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु निःशुल्क बस सेवा के शुभारम्भ अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा पंडरिया में 250 सीटर नालंदा परिसर निर्माण और नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग बिसेसरा से पंडरिया तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य की सौगात दी है जो प्रक्रियाधीन है। ऐसे कई अभूतपूर्व कार्य विगत वर्षो में भाजपा सरकार आने के बाद से पंडरिया विधानसभा में हुए हैं जो कांग्रेस सरकार के शासन में पूरी तरह ठप्प पड़े थे।

नगरवासियों की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना, नगर को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाना यही हमारा लक्ष्य है जिसके लिए हम अनवरत प्रयास कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार, विकास को अपनी प्राथमिकता मानती है। हमारा विजन है- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। प्रदेश में डबल इंजन भाजपा सरकार बनने के बाद से पंडरिया विधानसभा में लगातार विकास कार्यो की सौगात जनता को मिली है। बहुत से विकास व अधोसंरचना निर्माण के कार्य पूर्ण हो चुकें और कुछ प्रगति पर हैं। हमारी सरकार न केवल बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है, बल्कि स्थानीय जरूरतों को समझकर, जनता की छोटी-छोटी समस्याओं को भी प्राथमिकता दे रही है। विधानसभा क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाती हूँ कि इस राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ किया जाएगा। सड़क मरम्मत का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा होगा, और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इसका लाभ हर गांव, हर मोहल्ले तक पहुंचे।

### पंडरिया विधानसभा की समृद्धि, प्रगति और जनता की सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकताः श्रीमती बोहरा



विधायक भावना ने कहा कि पंडरिया विधानसभा की समृद्धि, प्रगति और जनता की सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता है। मैनें हमेशा प्रयास किया है कि जनता की हर समस्याओं का समाधान उनकी आकांक्षाओं अनुरूप कर सकूं। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग के मद्देनजर मैनें केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 अंतर्गत पंडरिया नगर के सड़क मरम्मत कार्य हेतु मांग की थी और मुझे हर्ष है कि 4.55 किलोमीटर की इस सड़क के मरम्मत कार्य हेतु मंत्री ने 20 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है और उक्त कार्य के लिए टेंडर भी जारी हो गया है। हमें विश्वास है कि जल्द से जल्द इस कार्य को पूर्ण भी कर लिया जाएगा। यह स्वीकृति न केवल क्षेत्र की सड़कों को बेहतर बनाएगी, बल्कि लोगों के जीवन को और सुगम और समृद्ध बनाएगी। यह केवल एक सड़क नहीं बल्कि पंडरिया नगर एवं विधानसभा के विकास की रीढ़ हैं, जो गांवों, कस्बों और शहरों को जोड़ती हैं। बेहतर सड़कें व्यापार को बढ़ावा देती हैं, किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में मदद करती हैं और क्षेत्र के विकास को नई गति देती है।



# ग्रामीण हितग्राही परिवार पीएम आवास लाभ से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इन समय ग्रामीण गरीब परिवार बारिश होने के बाद तथा अपने-अपने कच्चे मकानों व घास-फूस खरपतवार से बने क्षतिग्रस्त मकान कच्चे पर रहने के लिए मजबूर है। बताया जाता है कि केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण गरीब परिवारों को पीएम आवास दे रहे थे, लेकिन वर्तमान में पीएम आवास नहीं मिल रहे हैं जिनके कारण गरीब लोगों को पक्का मकान का सपना अधूरा सा हो गया है, परंतु पक्का मकान पीएम आवास योजना गरीबों के लिए बनाई गई, लेकिन पीएम आवास प्लस सर्वे सूची घरों-घर कराया गया इसके बाद भी हजारों गरीब परिवारों को पीएम आवास के लिए वंचित होना पड़ रहा है, केंद्र और राज्य सरकार गरीबों की जनकल्याणकारी योजना पर राजनीति रोटी क्यों सेक रहे है अब तो डबल इंजन की सरकार बन गया, लेकिन गरीब लोगों को एक मंजिल नसीब नहीं हो रहा है, ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीण गरीब परिवार झोपड़ीनुमा कच्चे मकान में घास फूस और खरपतवार ढ़क कर गुजर-बसर करने मजबूर है। जिस पर ग्रामीण गरीब परिवार ने पीएम आवास के लिए इंतजार कर रहे हैं, ताकि बारिश से राहत मिल सके। जिसमें ग्राम दौजरी, घुकसा, जेवडन खुर्द, डबराभाट, राम्हेपुर, चंदनपुर, हरिनछपरा, नाऊडीह, सिंघनपुरी, गांगचुवा, बरबसपुर, बीजाझोरी, नेवारी, जमुनिया, सारंगपुर खुर्द, बांझीमौहा रहवासी ग्रामीणों ने पीएम आवास के लिए लगातार जिम्मेदारों से मांग व गुहार लगा चुके है।

लेकिन जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों की भारी अनदेखी से ग्रामीण गरीब परिवार झोपड़ी नुमा मकान में रहने मजबूर है। वहीं विकासखंड कवर्धा अंतर्गत सारंगपुर खुर्द निवासी कुमारी बाई पति लेखन यादव ने बताया कि पीएम आवास प्लस सर्वे सूची का घरों-घर सरकार ने गरीबों को पीएम आवास देने के लिए कराया गया था, लेकिन अभी तक पीएम आवास का अता पता नहीं है लेकिन घर की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब होने के कारण खरपतवार से ढ़ककर मकान में गुजर बसर करने मजबूर है। जिस पर ग्रामीण गरीब हितग्राहियों ने शासन प्रशासन से जल्द पीएम आवास प्रदान किए जाने मांग की गई ताकि गरीबों को पक्का आवास मिल सके।

# धान फसल में माहुर बीमारी लगने से किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्रामीण क्षेत्र ग्राम कोलेगांव, कुंडा, दामापुर, मोहगांव क्षेत्र में आज बिन मौसम के वर्षा से किसानों की मेहनत पर पानी फिरता दिखाई दे रहा है। क्षेत्र में लगातार बारिश होने के कारण पूरी तरह से धान की फसल को धूप नहीं मिलने के कारण लगातार धान फसलों में माहुर जैसे बीमारी फैलने के कारण पूरा धान फसल बीमारी एवं कीड़ा से सुख रहा है, जिससे ग्रामीण किसानों की चिंता साफ देखा जा रहा है। किसानों द्वारा लगातार दवाई का छिड़काव करने के बाद भी धान की बीमारी कटने का नाम नहीं ले रहा है, कई ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम रापा, पीपरमाटी, कोलेगांव, कुंडा, दामापुर क्षेत्र की ग्रामीण किसानों के धान फसल में माहुर बीमारी होने से धान फसल प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। किसानों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में खंड वर्षा होने से किसान परेशान है। जिस पर कृषि विभाग द्वारा उपाय बताया जाए ताकि किसानों को इन बीमारियों के बारे में जानकारी दिया जाए ताकि किसानों को अपने फसल को बचाया जा सके।

# सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर ने किया स्कूलो का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



शनिवार को सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर द्वारा पंडरिया विकासखंड अंतर्गत सुरजपुरा कला, बघर्रा, डबरी, सेन्हाभाटा, नवागांव, महका, नरौली कांपादह, सावंतपुर, सिरमाडबरी के शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री ठाकुर ने विद्यालय परिषर की स्वच्छता एवं रंग-रोगन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित प्रधान पाठकों को दिए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत विद्यालयों में दीवार लेखन के माध्यम से मेनू चार्ट प्रदर्शित करने एवं निर्धारित मेनू अनुसार भोजन संचालित किए जाने की सराहना की। विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक का वितरण भी पूर्ण हो चुका है। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने दैनंदिनी संधारण एवं मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत प्रतिदिन लाभान्वित छात्र-छात्राओं की जानकारी ऑनलाइन मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही उच्च कार्यालय द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छ एवं प्रेरणादायी वातावरण में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना ही हमारा लक्ष्य है।

## अभाविप ने किया कार्यकारिणी का गठन

**हरिभूमि कवर्धा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कबीरधाम इकाई कवर्धा के कार्यकर्ताओं द्वारा परिसर कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्व सम्माति से पीजी कॉलेज अध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रशांत वर्मा दिया गया है। वहीं मधु निर्मलकर को गर्ल्स कॉलेज का अध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर जिला संयोजक गजाधर वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थें, उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। विद्यार्थी जीवन में विद्यार्थियों के लिए काम करने का अवसर मिलना हमारे लिए गर्व की बात है। ऐसे अवसर पर हमें सब को अपने साथ लेकर उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए सहयोग करना है, जिससे विद्यार्थियों के बीच हमारा जुड़ाव हो सके। हमारा उद्देश्य राष्ट्र प्रथम का हों, जिस प्रकार से कहां जाता है संघे शक्ति कलयुगे अर्थात संगठन में ही शक्ति है। हम जब संगठित होकर काम करेंगे, तभी हमारा शक्ति दिखेंगा।

# जिला पशु चिकित्सालय ने गाय का सिजेरियन ऑपरेशन कर बचाई जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पशु चिकित्सा विभाग के तत्परता से एक घुमंतू गाय और उसके बछड़े की जान बचाई गई। शहर के लालबाग कॉलोनी में प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्था के सामने बीती रात से प्रसव का प्रयास कर रही थी, लेकिन सफल नहीं हो पा रही थी। कमजोरी के कारण बैठ गई थी सुबह संस्था के दीदी ने जिला पशु चिकित्सालय से संपर्क कर उक्त बात बताई गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे डॉ तरुण रामटेके ने प्रारंभिक जांच में पाया कि गाय गर्भाशय के मरोड़ से पीड़ति थी, जिसके कारण सामान्य प्रसव संभव नहीं था। जिसके कारण सिजेरियन सेक्शन कर सफलतापूर्वक बछड़े को जीवित निकाला गया। इस जटिल सर्जरी में डॉ तरुण रामटेके के नेतृत्व में बलराज सिंह चौहान, हर्ष ठाकुर, पीयूष कश्यप और इंटर्नशिप के स्टूडेंट का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी सामूहिक प्रयासों से गाय और उसके बछड़े की जान बचाई जा सकी। सफल ऑपरेशन के माध्यम से डॉ तरुण रामटेके ने यह साबित कर दिया की सच्ची सेवा और समर्पण से कोई भी कठिन कार्य संभव है, पशु चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी यह तत्परता और कर्मनिष्ठा प्रशंसनीय है, संस्था के लोगों ने भी पशुपालन विभाग का आभार व्यक्त किया। पशु चिकित्सा विभाग ने अपील की है कि यदि किसी पशु को प्रसव में कठिनाई हो रही हो तो तुरन्त जिला पशु चिकित्सालय से संपर्क करें, ताकि समय पर सही उपचार मिल सके और पशु की जान बचाई जा सके।

# ग्रामीणों ने प्रशासन से बांध निर्माण कार्य की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के रेंगाखार तहसील अंतर्गत छिपी-आमा-बांध के ग्राम पालक व ग्राम पंचायत कटंगी कला रहवासियों द्वारा लगातार पिछले 70-80 वर्षो से बांध निर्माण कार्यो को लेकर शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को शिकवा शिकायत तथा अर्जी-विनती की गई लेकिन जिम्मेदारों की भारी लापरवाही का खामियाजा ग्रामीण क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत कटंगी कला व ग्राम पंचायत मिनमिनियां जंगल दोनों ग्रामों के किसानों व आम नागरिकों द्वारा लगातार बांध निर्माण कार्य को लेकर मांग कर रहे है लेकिन अभी तक बेपरवाह जिम्मेदारों द्वारा मांग को लेकर गंभीरता से ध्यान नही लिया जा रहा है। जिस पर किसानों ने बांध निर्माण कराने के लिए शासन प्रशासन से अपनी मांगों को लेकर छिपी आमा नाला में खड़े होकर आवाज बुलंद किया। जिस पर ग्रामीण शिवकुमार पोर्ते, संतोष धुर्वे, ईश्वर नेताम, लालदास मानिकपुरी, सुरेंद्र नेताम, रामसिंह मेरावी, संतु मेरावी, धनेश्वर धुर्वे, रामगोपाल धुर्वे, बहादुर धुर्वे, कन्हैया मेरावी, हंसराम पाटिल, रमेश यादव, घनश्याम मेरावी, जानसिंह मेरावी, सेवक, हेमराज, कृष्णा, बहादुर धुर्वे, तिरिथ, खेमलाल, लोचन एवं समस्त ग्रामीण तथा किसान बंधु गण बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

## क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने रखी करवा चौथ व्रत



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के दामापुर, कुंडा, रूसे, दुल्लापुर, भगतपुर, धनेली, बसनी, कोलेगांव के ग्रामीण क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं द्वारा करवा चौथ का व्रत व विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। जिस पर आचार्य प्रशांत शर्मा ने बताया कि भारतवर्ष में त्यौहारों की एक लंबी परंपरा रही है, प्रत्येक दिन का किसी न किसी देवता से जुड़े होना इस परंपरा की देन है, किसी ने कितनी सही बात कही है कि जीवन एक मीठे गन्ने की तरह है जिसकी पोर-पोर रस से भरी है। यह पर्व हमें उसी रस के आस्वादन की प्रेरणा देते हैं आस्वादन करते हैं, यहां सभी पर्व व त्यौहार उमंग और श्रद्धा के साथ मनाया जाते हैं। करवा चौथ पर्व सांस्कृतिक धार्मिक और आध्यात्मिक आधार को समेटे हुए हैं, वहीं राष्ट्रीय एकता की अनूठी मिशाल है, कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवा चौथ का व्रत रखा जाता है सुहागिन महिला अपने पति के दीर्घायु जीवन की कामना हेतु यह व्रत करती हैं।



अनदेखी: लगातार की शिकवा शिकायत के बाद भी मूकदर्शक बना बैठा है प्रशासन

# ग्रामीण व स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर नदी पार करने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के विधानसभा कवर्धा से लेकर विधानसभा पंडरिया में कहने को तो स्थानीय चुने हुए विधायकों के प्रयासों से शासन द्वारा करोड़ों रूपए के विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति धड़ाधड़ दी जा रही है। लेकिन समझ से परे है कि इन विधानसभाओं के उन ग्रामों में विकास कार्यो की स्वीकृति क्यों नहीं मिल पा रही है जहां इनकी सबसे ज्यादा जरूरत हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के विकासखण्ड स. लोहारा अंतर्गत ग्राम बड़ौदाखुर्द और सहसपुर के बीच बहने वाली कर्रानाला नदी में पुलिया निर्माण की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा वर्षो से की जा रही है लेकिन आज पर्यंत इस नदी में पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया है जिसके चलते क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानो और स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर वर्षाकाल में जब नदी में बाढ़ के हालात निर्मित हो जाते हैं तो लोगों और खासकर स्कूली बच्चों को अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती है। ऐसी ही स्थिति इस समय नदी में बनी हुई। बताया जाता है कि क्षेत्र में बीते चौबिस घंटों से लगातार हो रही हल्की तेज बारिश के चलते कर्रानाला नदी में बाढ़ के हालात निर्मित हो गए है। ऐसे में बड़ौदाखुर्द से सहसपुर स्कूल में पढ़ने लिखने जाने वाले स्कूली बच्चों को उफनती नदी को पार करते देखा गया। बताया जाता है कि शनिवार को बड़ौदाखुर्द के बच्चे सहसपुर अपने स्कूल गए थे। लेकिन दोहपर बाद जब वे वापस लौटे तो नदी का जल स्तर बढ़ गया। ऐसी स्थिति में काफी समय तक बच्चे नदी के एक किनारे में ही खड़े रहे बाद में उन्हें ग्रामीणों ने जैसे तैसे नदी पार कराई तब कहीं जाकर वे अपने घर पहुंच पाए। ग्रामीणों तथा स्कूली बच्चों ने बताया कि इस तरह की समस्या का सामना उन्हें हमेशा करना पड़ता है। जिसे देखते हुए वे वर्षो से नदी में पुलिया निर्माण की मांग करते आ रहे हैं लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने ग्रामीणों की इस समस्या को आज पर्यंत गंभीरता से नहीं लिया और हालात जस के तस बने हुए है। ग्रामीणों को आज भी बाढ़ के हालातों में भी नदी को पार कर आना जाना करना

### प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य क्यों नहीं?



यह प्रशंसनीय और तारीफे काबिल भी है कि जिले के दोनों विधानसभाओं के विधायक अपनी-अपनी सक्रियता दिखाते हुए लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति करा कर गांवों का विकास कर रहे हैं। लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि यह विकास प्राथमिकता के आधार पर क्यों नहीं कराया जा रहा है। ग्राम बड़ौदा खुर्द के ग्रामीणों द्वारा जिस तरह की समस्या बताई जा रही है और जिस ढंग से स्कूली बच्चों को अपनी जान जोखिम में डालकर बाढ़ प्रभावित नदी को पार करने मजबूर होना पड़ रहा है उसे देखते हुए जायज तो यही है कि लाख काम छोड़कर पहले यहां नदी में पुलिया निर्माण कार्य कराकर ग्रामीणों को सुलभ आवागमन उपलब्ध कराया जाए लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि ऐसा नहीं हो रहा है जिसका मलाल क्षेत्रवासियों को है।

## 25वीं राज्य स्तरीय कीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत वॉलीबॉल का भव्य आयोजन



- प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस लाइन कवर्धा में

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

25 वीं राज्य स्तरीय कीड़ा प्रतियोगिता वॉलीबॉल (इंडोर) का भव्य आयोजन पुलिस लाइन कवर्धा में किया गया, जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वॉलीबॉल संघ के जिला अध्यक्ष व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के करकमलों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों एवं बच्चों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथियों ने सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल में जीत या हार मायने नहीं रखती, बल्कि खिलाड़ी का जज़्बा और अनुशासन सबसे बड़ी उपलब्धि होती है।

जो खिलाड़ी आज विजेता बने हैं वे प्रेरणा का स्त्रोत हैं, और जो पीछे रह गए हैं वे इससे सीख लेकर और मजबूती से आगे बढ़ें। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना, टीम स्पिरिट और अनुशासन का अद्भुत परिचय दिया।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए तथा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में सभी अतिथियों ने भविष्य में ऐसे आयोजन निरंतर जारी रखने की बात कही।

### खबर संक्षेप

#### हाई स्कूल छिरहा में पालक-शिक्षक बैठक

**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा ने पालक-शिक्षक बैठक के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। विद्यालय में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में कुल 212 दर्ज विद्यार्थियों में से 143 अर्थात 67.45 प्रतिशत के पालक उपस्थित रहे। यह आंकड़ा इसलिए भी विशेष है क्योंकि इस विद्यालय में दस अलग-अलग गांवों छिरहा, जुनवानी, लिमो, बिरुटोला, बाघूटोला, झलका, घोटिया, नवागांव तिवारी, मगरदा और कवर्धा शहर से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। विद्यालय में सन 2015 से प्रारम्भ पालक शिक्षक बैठक का यह सत्रहवां सफल बैठक रहा है। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बैठक का मुख्य एजेंडा त्रैमासिक परीक्षा के परिणामों की समीक्षा करना और पालकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के साथ-साथ विद्यालय की अन्य गतिविधियों से अवगत कराना था।

#### डड़सेना कलार समाज की सामाजिक बैठक आज

**कवर्धा।** डड़सेना कलार समाज की बैठक रविवार 12 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह 11 बजे से राजमहल कॉलोनी स्थित सामाजिक भवन कवर्धा में होगी। समाज के जिलाध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल ने बताया कि बैठक में जिलेभर के ग्राम प्रमुख, चारों परिक्षेत्रों के पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, संरक्षक आदि उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कार्तिक शुक्ल पक्ष सप्तमी 28 अक्टूबर को आयोजित होने वाली सहस्त्रबाहु जयंती समारोह की तैयारी को लेकर चर्चा की जाएगी।

## भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन की 3 चितेरों की पेंटिंग लगी प्रदर्शनी में

### छत्तीसगढ़ में गोंड़ पेंटिंग को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

संकला फाउंडेशन वर्ष बाघ संरक्षण पर और आदिवासी जनजातियो की जीवन पर आधारित कला प्रदर्शनी का आयोजन करती है। डॉ मालविका कौल सांकला फाउंडेशन की निर्देशक हैं, भारत के चुनिंदा चित्रकार भाई-बहनों की पेंटिंग का चयन के आधार पर बुलाया जाता हैं। 09 से 12 अक्टूबर तक आयोजित की गई, इंडिया हैबिटेट सेंटर मे आयोजित साइलेंट कन्वर्सेशन फ्रार्म मार्जिन्स टू द सेंटर नाम रखा गया हैं, इस प्रदर्शनी का इस वर्ष भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन के तीन पदाधिकारी की पेंटिग भी लगा है प्रदर्शनी मे बलबीर विश्वकर्मा डारेक्टर चितेरे फाउंडेशन की दो पेंटिंग लगा है जिसका नाम है चीतवन इस पेंटिग मे छत्तीसगढ के भोरमदेव क्षेत्र के बैंगा जनजाति के लोग रहते हैं और उनके शरीर मे गोदना नहीं रहने पर उसे अशुभ माना जाता हैं उसके हाथों से लोग पानी भी पीना अशुभ मानते हैं, बैंगा समाज के रहन-सहन बाकी लोगों से बहुत अलग है। वे अपने जीवन यापन प्राकृतिक फल-फुल, जड़ी-बुटी को बेचकर अपना जिंदगी चलाते हैं और पेंड़-पौधे को अपना भगवान मानने वाले लोग होते हैं। ये अंजान लोगो को देख कर घबरते है और दूसरे पेंटिंग का नाम है। लव माय आदिवासी इस पेंटिग में दो नृत्य कर रहे है ये माडिया जनजाति के छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग का विश्व स्तर पर एक अलग पहचान बनाने वाले गौर माडिया नृत्य है।

इस नृत्य को माडिया समुदाय के लोग विशेष समारोह में करते हैं। जैसे शादी में मेला-मड़ई और दुनिया का सबसे बड़ा दशहरा मे ये नृत्य करते है बस्तर के माडिया समुदाय के लोग जो की एक आदिवासी है। ये दोनों पेंटिग को बनाने मे 5 दिन लगा था हर दिन 2 से 3 घंटे तक काम चला है। तान्या मरावी सहायक डारेक्टर चितेरे फाउंडेशन की 4 पेंटिंग लगा हैं वन देवी जो जंगल की रक्षक और पूज्यनीय होती हैं, प्राकृतिक मां, बुढ़ादेव की जीवनी और छत्तीसगढ महतारी पर गोंड़ पेंटिंग। इन चारों पेंटिंग को बनाने के लिए 2 महिना लगा है और हर दिन 5 से 7 घंटा काम करती थी और तान्या मरावी दो सालो से संकला फाउंडेशन दिल्ली मे जा चुकी है इनकी पेंटिंग हजार से शुरूआत होती हैं और इनका सपना हैं की छत्तीसगढ़ में गोंड़ पेंटिंग को बढ़ावा देना हैं। तुषार मरावी राष्ट्रीय महासचिव इनकी एक पेंटिंग का चयन हुआ है जो की गोंड़ पेंटिंग मे मछलीओं की आपस मे प्यार को श्री मरावी ने बखुबी उकेरा है एक परिवार मे आपस मे किस तरह से मेल-मिलाप होना चाहिए और वर्ष हाल मे आपसी प्रेम लगाव को कैनवास मे जीवित उकेरा है इस पेंटिंग को बनाने मे 20 दिन लगा है और इस पेंटिंग का दाम भी लाखो में है। चितेरे फाउंडेशन के संस्थापक बलबीर विश्वकर्मा बताते हैं फाउंडेशन धारा 8 की पंजीकृत फाउंडेशन है और हम लोग छत्तीसगढ़ के किसी एक गांव का चयन कर के उस गांव के बच्चे, युवा जवान, बुजुर्ग को गोंड़ पेंटिंग सिखाने की योजना चल रही हैं और साथ ही वो पुरे गांव को गोंड़ पेंटिग से सजाने की महा योजना पर भी काम चल रही है।

चितेरे फाउंडेशन, इस कला मेला मे हम तीनों पदाधिकारियों की पेंटिग लगा हैं और आने वाले समय मे तीन से तीन गुना बढ़ाने पर काम चल रही हैं साथ ही संकला फाउंडेशन की डारेक्टर डॉ मालविका कौल का आभार व्यक्त किया। जिन्होने चितेरे फाउंडेशन के चित्रकारों को मौका दिया और साथ ही भारत भवन भोपाल का समन्वयक अधिकारी ए के भट्टाचार्य ने बताया कि गांव के छोटे कलाकार को राष्ट्रीय स्तर के कला मंच पर मौका दिलवाने मे बहुत बड़ा योगदान हैं। गोंड़ी आर्ट को पूरे छत्तीसगढ़ के हर जिला में सिखाने की योजना पर भी काम चल रहा हैं। जिसकी शुरूआत जिले के पंडरिया कन्या शाला में शुरूआत हो चुका है।

## भोरमदेव शक्कर कारखाना के अधिकारी कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



अधिकारी कर्मचारी संघ भोरमदेव शक्कर कारखाना द्वारा डीए बढ़ोतरी, क्रमोन्नति, पदोन्नति एवं ग्रेजुएटी जैसी जायज मांगों को लेकर शनिवार को तीसरे दिन भी अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखी। कारखाना के समस्त विभागों के प्रमुख, नियमित कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाने से मेंटनेंस कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित हो रहा है। बताया जाता है कि मैन्युफैक्चरिंग विभाग, गन्ना विभाग, इंजीनियरिंग, नापतौल, सामान्य प्रशासन विभाग, वित्त कार्य प्रभावित होने के साथ इन विभागों में ठेका श्रमिक द्वारा भगवान भरोसे मेंटनेंस कार्य संचालित किया जा रहा है। इंजीनियरिंग विभाग, उत्पादन विभाग जैसे प्रमुख विभागों में प्रबंधन द्वारा अकुशल श्रमिकों से कार्य कराया जा रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कुछ दिनों पश्चात पेराई सत्र प्रारंभ होना है और शासन-प्रशासन तथा प्रबंधन के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्हे न कर्मचारियों की भविष्य की चिंता है और न किसानों की जबकि गैर तकनीकी मजदूरों द्वारा कराए जा रहे कार्य से कारखाने को क्षति होने की प्रबल संभावना है। संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा ने बताया कि पूर्व में लगातार 3 वर्षों से प्रबंधन के माध्यम से अपनी मांगों को शासन प्रशासन के समक्ष रखी जा रही है किंतु सिर्फ मौखिक आश्वासन देकर हमारी मांगों को लगातार अनसुना किया जा रहा है, लेकिन इस बार संघ ने ठान लिया है कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेंगी।

## जिले की तहसीलों में साहू समाज को मिलेगी मजबूती:चोवाराम साहू



**कवर्धा।** प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ.नीरेंद्र साहू के निर्देशानुसार, जिला साहू संघ कबीरधाम के मार्गदर्शन में हाल ही में जिले की तीन तहसीलों में तहसील साहू संघ के अध्यक्षों का चुनाव सम्पन्न कराया गया। इस चुनावी प्रक्रिया में तीनो तहसीलों में समाजिक पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से तहसील साहू संघ के अध्यक्षों का चुनाव कर उन्हें समाज की जिम्मेदारी सौंपी है। समाज के युवा नेता चोवाराम साहू ने बताया कि तहसील साहू के चुनाव के तहत पंडरिया तहसील के लिए डॉ. जलेश्वर साहू, कुण्डा तहसील के लिए श्रवण साहू तथा स. लोहारा तहसील के लिए विजय कुमार साहू का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया है। उन्होने इन तीनो नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई व शुभकानाएं देते हुए कहा कि इस चुनाव के बाद समाज को एक नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी।

## पंडरिया में 3 वर्ष के लिए गौसेवा आयोग की नई समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया



छत्तीसगढ़ शासन, पशुधन विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग नियम 2005 (यथा संशोधित) के नियम 16-क के प्रावधान अनुसार राज्य शासन ने जिला एवं विकासखंड स्तरीय गौसेवा समिति का गठन किया गया है। इस आदेश के तहत पंडरिया विकासखंड गौसेवा आयोग समिति के अध्यक्ष पद पर नंदकिशोर यादव की नियुक्ति की गई है। वहीं मुनीराम चंद्रवंशी, गणेश यादव, प्रभात चंद्राकर, दिनेश साहू एवं संजय पटेल को सदस्य बनाया गया है। इनकी नियुक्ति की अवधि तीन वर्ष के लिए होगी। गठित समिति का मुख्य कार्य क्षेत्र के गौशालाओं का निरीक्षण, पर्यवेक्षण, जैविक खेती व पंचगव्य उत्पादन को प्रोत्साहित करना तथा गौशालाओं को प्रदाय अनुदान की उपयोगिता की समीक्षा करना रहेगा।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

पीएम धन-धान्य योजना एवं दलहन आत्मनिर्भर मिशन शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

## प्रधानमंत्री मोदी ने किया कृषि क्षेत्र की नई योजनाओं का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा।

भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए नई परियोजनाओं का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, नई दिल्ली से किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र, नेवारी सहित जिले के सभी विकासखंडों एवं मंडी परिसरों में किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, नेवारी में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद् के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी थे, जबकि अध्यक्षता जिला पंचायत कबीरधाम की कृषि स्थाई समिति के सभापति रामकुमार भट्ट ने की। नई दिल्ली में आयोजित मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय में वृद्धि और कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने हेतु दो प्रमुख योजनाओं 'पीएम धन धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भर मिशन का शुभारंभ किया। इसके साथ ही कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़ी 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले एफपीओ, प्राकृतिक खेती अपनाने वाले कृषक, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों एवं एआई तकनीशियन को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। पीएम धन-धान्य कृषि योजना देश के 100 कम उत्पादकता वाले जिलों के समग्र विकास के लिए प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के कोरबा, जशपुर एवं दंतेवाड़ा जिलों का चयन किया गया है। 11 विभागों की 36 योजनाओं को एकीकृत कर इस योजना में प्रतिवर्ष लगभग 24 हजार करोड़ रुपए का कार्य किया जाएगा, जिससे किसानों को सिंचाई, फसल विविधीकरण, आसान ऋण और भंडारण सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा। वहीं दलहन आत्मनिर्भर मिशन वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक छह वर्ष की अवधि में 11,400 करोड़ रुपए के बजट के साथ संचालित होगा। इस मिशन का उद्देश्य देश में दाल उत्पादन को बढ़ावा देना और आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है। इसके अंतर्गत अरहर, मसूर और उड़द जैसी प्रमुख दालों के उत्पादन, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद, भंडारण और प्रसंस्करण सुविधाओं का विकास किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री सुरेश चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ की गई ये योजनाएं किसानों के जीवन में खुशहाली लाने वाली हैं।

NABH Entry Level
ओम हॉस्पिटल
मूत्र एवं किडनी रोग विभाग
- गुर्दे का कैंसर • गुर्दे की पथरी
- मूत्राशय का कैंसर • पुरुष बाँझपन
- मूत्रनली की पथरी • अंडकोष का कैंसर
- पेशाब में जलन होना पेशाब में रूकावट
- लिंग कैंसर • सेक्स सम्बन्धी समस्याएं
- गुर्दे की सूजन व इन्फेक्शन
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी,रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411